नई दिल्ली, बुधवार, 19 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 338
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 26.0
न्यून. 22.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




9 शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

हरियाणा सरकार



“कृषि हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।”
- नरेन्द्र मोदी

जन कल्याण को समर्पित हरियाणा का समावेशी बजट (2025-26)
जनता की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

नॉनस्टॉप काम
टॉप परिणाम

महिला सशक्तिकरण की दिशा में 1372.10 करोड़ रुपये का बजट (2025-26)

1 लाडो लक्ष्मी योजना
महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता

2 किशोरी योजना
सभी जिलों की लड़कियों के लिए

3 ब्याज मुक्त ऋण
महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने हेतु 1 लाख रुपये तक का

4 महिला छात्रावास
कामकाजी महिलाओं के लिए पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम में

5 सरकारी भवनों में चल रही कैंटीनों के एक तिहाई टेंडर महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए



ट्रिपल इंजन सरकार,
तिगुनी रफ्तार!



सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## तीनों को लगी पुलिस की गोली, अस्पताल में भर्ती

# काला जठेड़ी गैंग के तीन बदमाश मुठभेड़ में दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले के बाबा हरिदास नगर इलाके में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर गोली चलाकर सनसनी फैलाने वाले काला जठेड़ी गैंग के तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया है। तीनों शूटरों के पैर में गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बाबा हरिदास नगर और स्पेशल स्टाफ की ज्वाइंट टीम ने यह सफलता पाई। पकड़े गये बदमाशों के नाम मोहित, मनीष और प्रवीण हैं। इस मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से आठ राउंड गोलियां चली। इनमें चार पुलिस और चार बदमाशों ने फायर किये।



पुलिस के अनुसार 17 मार्च को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश बाबा हरिदास नगर इलाके में आएंगे। उनकी लोकेशन को ट्रैक कर ट्रैप लगाया गया। बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिये गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई और दोनों बदमाशों के पैर में गोली मार उन्हें पकड़ लिया। दोनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इनकी निशानदेही पर देर रात छावला इलाके से तीसरे बदमाश को भी मुठभेड़ में धर दबोचा गया। पुलिस का कहना है कि 9 और 10 मार्च की दरमियानी रात इन्होंने बाबा हरिदास नगर इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग की थी। इसके अलावा 16 मार्च को भी विनोभा एंक्लेव में एक शख्स के घर के दरवाजे पर गोली चलाई गई थी। दोनों ही मामले बाबा हरिदास नगर थाने में दर्ज किये गये थे। मोहित एक केस में शामिल पाया गया है। प्रवीण 13 और मनीष एक मामले में शामिल रहा है। बदमाशों ने दो पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुये हैं।

# पहले धमकी दी और फिर चाकू घोंपकर ले ली युवक की जान

- उत्तर पूर्वी दिल्ली के शिव विहार में वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शिव विहार इलाके में 18 वर्षीय एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने वारदात से कुछ देर पहले घर जाकर युवक को धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक वारदात सोमवार रात अंजाम दी गई। मृतक युवक का नाम अंशु बताया गया है। करावल नगर थाने की पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। हत्या के पीछे का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि यह निजी दुश्मनी या झगड़े का नतीजा हो सकता है।

पुलिस के अनुसार इस घटना के संबंध में सोमवार रात करीब 11 बजे करावल नगर पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल के माध्यम से जानकारी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम शिव विहार में घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। क्राइम और फॉरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिये इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



### धमकी के आधे घंटे बाद ही हत्या

मृतक युवक के बड़े भाई पीयूष ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे दो लड़के घर पर आये थे। उन्होंने भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी देकर दोनों युवक चले गये थे। कुछ देर घर पर रूककर अंशु बाहर चला गया। कुछ देर बाद भाई के दोस्त ने आकर बताया कि अंशु को चाकू मार दिये हैं। परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक अंशु दम तोड़ चुका था। उसके पेट, सीने और गले पर चाकू से वार किया गया था। यह वारदात शिव विहार की गली नंबर आठ के पास अंजाम दी गई। पीयूष ने बताया कि कुछ सालों पहले तक आरोपी अंशु के दोस्त हुआ करते थे। लेकिन किसी बात पर उनके बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद उनके बीच दूरियां बढ़ती चली गई। परिजनों को भी समझ में नहीं आ रहा कि हत्या की आखिर वजह क्या रही होगी। दोनों आरोपी फरार है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चांदनी चौक में गन प्वाइंट पर 80 लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के चांदनी चौक स्थित कूचा घासी राम इलाके में एक बदमाश ने गोली चलाकर बड़ी लूट को अंजाम दिया। लूटी गई रकम 80 लाख बताई गई है। लाहौरी गेट पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जिस रूट से बदमाश फरार हुआ उस पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

लूट की यह सनसनीखेज वारदात सोमवार शाम करीब सवा 6 बजे अंजाम दी गई। पीड़ित ने पुलिस को दिये बयान में कहा कि चेहरा ढके और टोपी पहने शख्स ने उसके सीने पर पिस्टल सटा दी। इसके बाद वह रूपयों से भरा बैग छीन फरार हो गया। लूटपाट की यह पूरी वारदात वहां लगे एक सीसीटीवी में भी कैद हुई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक युवक बैग अपनी पीठ पर टांगे हुए पैदल जा रहा है। उसी दौरान पीछे से एक बदमाश आया और उसने पिस्टल निकालकर युवक के सीने पर सटा दी। इसके बाद एक राउंड फायर जमीन पर किया। जबरदस्ती बैग उतरवाया वहां तीन और राउंड फायर कर वहां से भाग गया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच से फरार बदमाश की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकल पुलिस के अलावा ऑपरेशन सेल की टीम को भी जांच में लगाया गया है। उस रूट को चेक किया जा रहा है, जहां से बदमाश बैग लूटकर भागा है। इस वारदात से बाद से इलाके के व्यापारियों में दहशत है।



# आग में 30 झुग्गियां और दो फैक्टरी जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- द्वारका मोड़ इलाके में लगी थी भीष आग

द्वारका मोड़ इलाके में सोमवार रात भीषण आग लगने से करीब 30 झुग्गियां, दो फैक्टरी और कुछ दुकानें जलकर खाक हो गई। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग किस वजह से लगी यह जांच का विषय है। दमकल विभाग की दर्जनभर गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार रात दो बजकर सात मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग 1,200 गज से अधिक क्षेत्र में फैल गई थी। आग में 30 झुग्गियां, दो अस्थायी आइसक्रीम फैक्टरी और कुछ दुकानें जलकर खाक हो गई। तड़के तीन बजकर 50 मिनट पर आग पर काबू पाया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि यह आग किसी की शरारत है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये जांच कर रही है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत परिजनों का हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- वसंत कुंज नॉर्थ इलाके का मामला

दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज नॉर्थ थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है उसके बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। पुलिस का यह भी कहना है कि मृतक के शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

पुलिस के अनुसार मसूदपुर गांव में रहने वाले 34 वर्षीय मनोज नामक युवक की संदिग्ध हालत में रविवार को मौत हुई थी। मनोज परिवार के साथ किराए के मकान में मसूदपुर डेयरी इलाके में रहता था। वह स्वीगी और जोमैटो में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी है। मृतक मूलतः बिहार का रहने वाला था।

पुलिस को दिए गए बयान में परिजनों ने बताया कि रविवार को उनके मकान मालिक का बेटा और भतीजा उनके घर आए थे और मनोज को अपने साथ ले गए। जिसके बाद देर रात तक मनोज घर नहीं लौटा। रात को पुलिस का फोन मनोज की पत्नी रूनी के पास आया और बताया कि मनोज की मौत हो गई है। इसके बाद वह अपने भाई के साथ सफदरजंग अस्पताल पहुंची। रूनी के भाई ने शक जाहिर किया कि मनोज को शराब पिलाई गई और फिर उसकी हत्या कर दी। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले की आगे जांच होगी।

# केंद्रीय मंत्री से मिले टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मिलकर दिल्ली में पंजीकृत आल इंडिया टूरिस्ट परमिट की टैक्सी व बसों से स्पीड लिमिट डिवाइस हटाने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री राय से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि हमने मंत्री को बताया कि हाईवे पर आज कल काफी लूटपाट होती रहती है । जिसकी वजह से महिलाओं की सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। आज कल बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के चलते देश विदेश के टूरिस्ट डर में रहते है। ऐसे में टूरिस्ट परमिट की टैक्सी व बसों में लगे स्पीड लिमिट डिवाइस हाईवे पर आसानी से बदमाशों का शिकार हो जाती है। क्योंकि इन वाहनों की स्पीड कम होती है जबकि बदमाशों के वाहनों की स्पीड अधिक होने से वो ओवरटेक करके बड़ी आसानी से गाड़ियों को लूट लेते है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हमारी टूरिस्ट टैक्सी बसों की स्पीड को 80 किलो मीटर प्रति घंटे की स्पीड में बांध रखा हैं।

# बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर केयर टेकर फरार

- घर में मिले लूटपाट की कोशिश के संकेत
- पुलिस केयर टेकर की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के पीतमपुरा, कोहाट एंक्लेव क्षेत्र में 70 वर्षीय बुजुर्ग और उनकी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। दंपति अपने घर के अलग अलग कमरों में मृत पाए गए। दोनों के शव सड़ी हालत में पाये गये। घर में लूटपाट के संकेत मिलने का दावा पुलिस ने किया है। शुरुआती तफ्तीश के बाद पुलिस का कहना है कि दंपति का केयर टेकर गायब है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक मोहिंदर सिंह और उनकी पत्नी दिलराज कौर कोहाट एंक्लेव में अकेले रहते थे। मंगलवार को सुभाष प्लेस थाने में सूचना मिली की एक घर से दुर्गंध आ रही है। पुलिस कोहाट एंक्लेव में मकान नंबर 317 पर पहुंची। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल के मकान में दंपति के शव अलग अलग कमरों में पड़े मिले। शव सड़ी-गली हालत में पाए गए। पुलिस का कहना है कि आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि मोहिंदर सिंह को आखिरी बार रविवार रात करीब आठ बजे देखा गया था। रात में उनके साथ रहने वाला केयर टेकर लापता है। पुलिस को यह भी पता लगा है कि घर के अंदर एक लॉकर तोड़ने का प्रयास किया गया था। लापता केयर टेकर की तलाश शुरू कर दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है।

### दंपति के दोनों बेटे रहते ही अलग

पुलिस का कहना है कि दंपति के दोनों बेटे माता पिता से अलग अपने परिवारों के साथ रहते हैं। एक का घर दंपति की बिल्डिंग के बराबर में है, जबकि दूसरा भी कुछ दूरी पर रहता है। इनका कपड़े का कारोबार है। पूछताछ में पता चला कि तीन-चार दिन पहले ही बुजुर्ग दंपति ने एक युवक को अटेंडेंट के तौर पर रखा था। यह युवक घर से निकलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस को शक है कि केयर टेकर ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि उसका पुलिस सत्यापन नहीं हो पाया था, इसलिए पुलिस को उस अटेंडेंट के नाम के बारे में अभी पता नहीं लग पाया है। बताया जा रहा की पुराने केयर टेकर ने ही इसे काम पर रखवाया था। पुलिस ने आशंका जताई है कि इस डबल मर्डर में पुराने केयर टेकर का भी हाथ हो सकता है।

### मुंह और नाक से बह रहा था खून

बताया जा रहा है कि मोहिंदर सिंह के मुंह और नाक से खून निकल रहा था। उनके मुंह पर तकिया रखा गया है। वहीं, दलजीत कौर के शव के पास से एक लोहे की रॉड मिली है। हत्यारे ने उनके सिर पर रॉड से हमला किया था। इसके अलावा गले में नेबुलाइजर पाइप भी लिपटा मिला है। आशंका है कि इसी पाइप से गला घोंटकर हत्या की गई है।

# निगम बजट को आज मिलेगा अंतिम रूप, हंगामे के आसार

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की विशेष बजट बैठक में आज बुधवार को वर्ष 2024-25 और अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट को अंतिम रूप देने के लिए सदन के नेता मुकेश गोयल अपना समापन भाषण देंगे। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। वहीं, निगम सूत्रों की मानें तो बता दें कि आज बुधवार को विपक्षी दल भाजपा और कांग्रेस भी अपना पुराना बदला चुके सकते हैं। जानकारी के अनुसार बता दे कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार ने 13 फरवरी 2025 को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 का विशेष बैठक में बजट पेश किया। इस बार के बजट में 318 करोड़ रुपए बढ़ोतरी की गई है। पिछली बार 2024-25 में जहां 16 हजार 683 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया था, वहीं इस बार यह 17 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। बजट भाषण के दौरान आयुक्त अश्विनी ने बताया कि निगम की 14 हजार करोड़ रुपए की देनदारी है और विभिन्न माध्यमों से आय को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

### संख्या बल को लेकर भी हो सकता है हंगामा

विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के पार्षदों के भाजपा में शामिल होने और पार्षदों के विधायक बनने के बाद इन दिनों भाजपा के पार्षदों की संख्या निगम में अधिक है और जब भी कोई प्रस्ताव बैठक में आता है तो संख्या बल के आधार पर पारित होता है। ऐसे में नेता सदन मुकेश गोयल निगमायुक्त अश्विनी कुमार द्वारा पेश बजट में यदि कुछ कांट छांट करने के लिए प्रस्ताव लाएंगे तो प्रस्ताव पर हंगामा हो जाएगा। क्योंकि नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह पहले भी संख्या बल को लेकर कह चुके हैं कि प्रस्ताव पास ही नहीं हो सकता है।

- बदला चुकाने के मूड में नजर आ रहा हैं विपक्षी दल

इसके बाद बजट सत्र में 3 मार्च 2025 को जैसे ही नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने अपना भाषण देना शुरू किया तो सत्ता पक्ष में बैठे आम आदमी पार्टी के पार्षदों को यह भाषण रास नहीं आया और बिना किसी जायज वजह के हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद फिर होली महापर्व से पहले 12 मार्च को भी पार्षदों ने अपनी बात रखनी चाही तो पार्षदों और अधिकारियों की संख्या कम हो गई और कोरम कम होने के चलते महापौर की अनुपस्थिति में उपमहापौर रविंद्र भारद्वाज ने सदन को स्थगित कर दिया। ऐसे में अब भाजपा के जो पार्षद सदन बैठक में अपने सुझाव देने आये थे, वे इंतजार करते हुए ही रह गए। बैठक के बाद विपक्ष के पार्षदों ने सत्ता पक्ष के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कहा था कि जब आप के नेता सदन भाषण देंगे तो हम भी नहीं सुनने देंगे। निगम के बजट सत्र और आम सदन बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम और नाराज विपक्षी पार्षदों के रोष को देखते हुए आज भी निगम बैठक में हंगामे के प्रबल आसार हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहम्मद सगीर उर्फ शकीला, पुत्रः** अब्दुल मास्टर, **पताः** मकान नं. 1030/14/19, के–ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली **FIR No: 353/2019, U/S: 33.10.10 Excise Act, पुलिस थानाः संगम विहार दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सगीर उर्फ शकीला,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सगीर उर्फ शकीला,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सगीर उर्फ शकीला, FIR No: 353/2019, U/S: 33.10.10 Excise Act, पुलिस थानाः संगम विहार दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**संकल्प कपूर**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**दक्षिण जिला कमरा नंबर 211**
**साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली**

DP/2594/SD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इकबाल पुत्र कमरूद्दीन पताः झुग्गी नं ए–986, के–ब्लॉक, जेएच–पुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 27/16 धारा 279/338/304ए भा.द.स. के तहत** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इकबाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इकबाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 27/16 धारा 279/338/304ए भा.द.स. के तहत थाना बवाना, दिल्ली के उक्त मोहम्मद इकबाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**नार्थ कोर्ट कमरा नं. 114, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3254/ON/2025

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में राजकीय महिला महाविद्यालय अम्बाला सिटी के भवन का शेष निर्माण कार्य (माननीय सी.एम. घोषणा कोड सं. 19782 दिनांक 31.07.2017) | 13.03.2025 03.04.2025 | 514.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी जिले में राजकीय बहुतकनीकी लोहारू के हॉस्टल ब्लॉक में मुख्य पैनल को बदलना। | 17.03.2025 24.03.2025 | 1.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | डब्ल्यू.एस. तकनीकी. सब डिवीजन जीन्द सेक्शन के विभिन्न सम्प वैल में वीटी पम्प्स, मोटर और स्टार्टर पैनल और वितरण पाइप्स इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग + 3 अन्य कार्य। | 17.03.2025 24.03.2025 | ईएमडी 21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 4 | महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ | हरियाणा पंचायत भवन में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का 5 वर्षों के लिए रखरखाव के साथ-साथ आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग हेतु पुनः निविदा। | 18.03.2025 01.04.2025 | 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 9356925623 aeitpanchayats@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फतेहाबाद | जिला फतेहाबाद गांव गज्जुवाला ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में बाल्मिकी फॉर्स में आयरन शैड और आईपीबी का निर्माण। | 18.03.2025 24.03.2025 | 7.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | गांव भुना ब्लॉक गुहना में उप चिकित्सा केन्द्र का निर्माण। | 17.03.2025 24.03.2025 | 46.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/120/32993/I/88/7 दि. 18.03.25

नई दिल्ली, बुधवार 19 मार्च 2025 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष- 5 ■ वर्ष : 28, अंक : 338 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 26 न्यून.22 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



10 दिन का मिशन...नौ महीने में पूरा होगा

## सुनीता को लेकर 17 घंटे में स्पेसएक्स का कैप्सूल पहुंचा धरती के 'नजदीक'

# भारत की बेटी 'जीतेगी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे में पूरा होगा। भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर स्पेसएक्स समुद्र में लैंड करेगा।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल धरती के लिए मंगलवार सुबह रवाना हो गया था। यात्री फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके थे। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। उनका स्टारलाइनर यान खराब हो गया था और वे वहीं फंसकर रह गए थे। अब उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल किया गया। नासा के अंतरिक्ष यात्री ▶▶ शेष पेज 5 पर



### इससे पहले पीएम मोदी ने सुनीता को लिखा पत्र, भारत आने का दिया न्योता

## आप हमारे दिलों के बहुत करीब

बोनी पंड्या निश्चित रूप से आपकी वापसी की प्रतीक्षा कर रही होंगी और मुझे विश्वास है कि स्वर्गीय दीपकभाई की शुभकामनाएं भी आपके साथ हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लिखे गए पत्र को साझा करते हुए ट्वीट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा- भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बहुत करीब हैं। पीएम ने लिखा कि जब मैंने राष्ट्रपति ट्रंप या राष्ट्रपति बाइडेन से अमेरिका की यात्रा के दौरान मुलाकात की, तो मैंने हमेशा आपकी कुशलता और भलाई के बारे में पूछा। 1.4 अरब भारतीय आपके उपलब्धियों पर हमेशा गर्व करते आए हैं। हाल के घटनाक्रमों ने फिर से आपकी प्रेरणादायक दृढ़ता और परिश्रम को उजागर किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नीट पीजी 2025: 15 जून को होगी परीक्षा



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट पीजी 2025 परीक्षा की घोषणा कर कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, यह परीक्षा 15 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो शिफ्ट में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित की जाएगी।

### लोकपाल के अधिकार की पड़ताल करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने में भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के मुद्दे की पड़ताल करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई की न्यायाधीशों की पीठ 27 जनवरी के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही पर विचार कर रही है।

### लोकसभा में मंगलवार को 'महाकुंभ-25' पर दिए अपने संबोधन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का मजबूत माध्यम बनेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में प्रयागराज में आयोजित किए गए 'महाकुंभ-2025' को लेकर एक वक्तव्य दिया। जिसमें उन्होंने इस भव्य आयोजन को सफलता के साथ पूरा करने के लिए जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की सराहना की और सभी श्रद्धालुओं को नमन कर सदन की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि महाकुंभ से निकला हुआ अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत ही मजबूत माध्यम बनेगा। पीएम ने दोपहर करीब 12 बजे लोकसभा में इस विषय पर बोलना शुरू किया। उनके बयान के तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सदन की कार्रवाई आगे बढ़ाने से नाराज विपक्ष ने कांग्रेस की अगुवाई में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप आकर हंगामे के साथ नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्ष के नारों में पीएम सदन में आकर मरने वालों की सूची दो, झूठ बोलना बंद करो, वी वांट जस्टिस और तानाशाही नहीं चलेगी मुख्य थे। उनका कहना था कि पीएम के बयान के बाद मामले पर विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं को भी अपनी बात सदन में रखने का मौका मिलना चाहिए। जिसके लिए लोकसभा अध्यक्ष तैयार नहीं हुए। इन सबके बीच विपक्ष का हंगामा जारी रहा और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा, चलने नहीं दी सदन की कार्रवाई, लोकसभा अध्यक्ष ने दिलाई नियम-372 की याद

#### बिरला ने दिलाई नियम-372 की याद

सदन में हंगामे के बीच हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को नियम-372 की याद दिलाई और कहा कि इसके तहत कोई भी मंत्री या प्रधानमंत्री लोकसभा में स्वेच्छा से किसी भी विषय पर अपना बयान देते हैं। जिसके बाद कोई सवाल नहीं होता है।



#### शंकाओं, आशंकाओं का दिया जवाब

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में हमने हमारी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह वही राष्ट्रीय चेतना है। जो राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाने के साथ ही उनकी सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। इस आयोजन ने उन शंकाओं और आशंकाओं को भी उचित जवाब दिया है। जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती हैं। उन्होंने गंगा जी को धरती पर लाने के भागीरथ के प्रयास का उल्लेख करते हुए कहा कि ठीक वैसी ही कवायद हमने इस बड़े कार्यक्रम में देखी है। मैंने लालकिले से सबका प्रयास के महत्व पर जोर दिया था। पूरी दुनिया ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। ये जनता का, जनता जर्नादन के संकल्पों के लिए और उनकी श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था।

#### जागृत भारत का अहम पड़ाव

उन्होंने महाकुंभ को एक ऐसा अहम पड़ाव बताया जिसमें जागृत भारत का प्रतिबिंब नजर आता है। जिस तरह से 2024 में हमने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देखा था। अब ठीक सालभर बाद महाकुंभ के आयोजन ने हमारे इस विचार को और अधिक दृढ़ किया है। किसी भी राष्ट्र, मानव जीवन के इतिहास में अनेक ऐसे मोड़ आते हैं, जो सदियों और आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। भारत के इतिहास में भी अनेकों ऐसे क्षण आए हैं। भक्ति आंदोलन के कालखंड से लेकर 1857 का स्वतंत्रता संग्राम इनमें मुख्य हैं।

#### मॉरीशस में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

भारत ने करीब डेढ़ महीने तक महाकुंभ का उत्साह देखा, इसकी उमंग का अनुभव किया। जिसमें किसी प्रकार की सुविधा-असुविधा की परवाह किए बिना लाखों, लाख श्रद्धालु श्रद्धाभाव से प्रयागराज में संगम तट पर जुटे। यह हमारी बहुत बड़ी ताकत को प्रदर्शित करता है। भारत का ये उमंग, उत्साह केवल यहीं तक सीमित नहीं था। पिछले सप्ताह मैं मॉरीशस में था और वहां संगम से महाकुंभ का पवित्र जल लेकर गया था। जब मैंने उसे मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया तो वहां पर श्रद्धा, आस्था, उत्सव का जो माहौल बना। वह दिखाता है कि कैसे आज हमारी परंपरा, संस्कृति, संस्कारों को आत्मसात करने और उनका जश्न मनाने की भावना कितनी प्रबल हो रही है।

### भाजपा ने विपक्ष पर 'औरंगजेब फैन क्लब' होने का कसा तंज

## ये (विपक्ष) वही लोग हैं जो मुगल बादशाह की महानता की प्रशंसा करते नहीं थकते: त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने महाकुंभ पर लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन पर मंगलवार को पलटवार किया। भाजपा ने इस विशाल धार्मिक समागम में नहीं जाने के लिए विपक्ष पर 'औरंगजेब फैन क्लब' होने का तंज कसा। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये वही लोग हैं जो मुगल बादशाह की महानता की प्रशंसा करते नहीं थकते। त्रिवेदी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महाकुंभ की प्रशंसा को बर्दाश्त नहीं कर सके, जिसने इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्षण में भारतीयों को गर्व से भर दिया। यह 450 साल बाद था जब लोगों ने प्रयागराज की यात्रा की न कि इलाहाबाद की।

त्रिवेदी ने कहा कि कुछ नेता हर चीज में नकारात्मकता खोजते हैं, भले ही वह महाकुंभ जितना भव्य और ऐतिहासिक मौका क्यों न हो। उन्होंने कहा कि ये नेता भारतीय संस्कृति की महानता को कभी स्वीकार नहीं कर सके। उन्होंने दावा किया कि 'औरंगजेब फैन क्लब' को छोड़कर सभी लोग इस विशाल धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि सनातन धर्म के उन्मूलन के प्रति समर्पित लोगों को इसमें कुछ भी अच्छा नहीं लगा और वे राम मंदिर के उद्घाटन के बाद वहां भी नहीं गए। ये वहीं लोग हैं जिनकी जुबान औरंगजेब को महान कहते हुए नहीं थकती थी, उन्हीं के कान आज पीएम मोदी द्वारा कुंभ के गुणगान पर पकते हुए दिखाई दिए।

विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने दावा किया कि उन्होंने क्षेत्र, भाषा और जाति के नाम पर समाज को बांटने का काम किया लेकिन संगम में करोड़ों श्रद्धालुओं ने जब डुबकी लगाई तो उनके सारे के सारे प्रयास व्यर्थ चले गए। पार्टी के एक अन्य प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाया कि वे ऐसे किसी भी चीज की सराहना नहीं कर सकते, जिससे भारत के कद में इजाफा होता हो और जिससे समाज में एकता बढ़ती हो। उन्होंने कहा कि चाहे वह जी20 सम्मेलन हो या भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था, इन नेताओं ने उनकी आलोचना की। पात्रा ने कहा कि मोदी ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोलीं अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक

## राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की नीति को केवल अमेरिका न समझा जाए: तुलसी गेबार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका प्रथम की नीति को केवल अमेरिका के रूप में ही नहीं समझा जाना चाहिए। जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति की नीति है। ठीक उसी प्रकार से भारत के प्रधानमंत्री भारत सबसे पहले के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। तुलसी ने कहा कि मौजूदा वक्त भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूती के साथ एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने का बहुत बड़ा अवसर प्रदान करता है। इसके लिए पिछले महीने अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में हुई दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की द्विपक्षीय बैठक में एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण को भी साझा किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई मुलाकात को तुलसी गेबार्ड ने दो पुराने दोस्तों की एक बार फिर से हुई मुलाकात करार दिया।

#### दोनों देशों की बढ़ेगी साझेदारी

*अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने विश्वास के साथ कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मित्रता और द्विपक्षीय साझेदारी लगातार बढ़ेगी। दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के संघर्ष के संदर्भ में गेबार्ड ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति शांति-सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

### बीएसएफ ने 2024 में पंजाब में जब्त किए 294 ड्रोन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा कि बीएसएफ ने 2024 में पंजाब में 294 ड्रोन जब्त किए हैं। ड्रोन से खतरे का मुकाबला करने के लिए ड्रोन रोधी प्रणाली लगाने, ड्रोन के बारे में प्राप्त सूचनाओं को बीएसएफ मुख्यालय, सेना और पुलिस के साथ साझा करते हैं।

### संघ मुख्यालय जाने वाले होंगे पहले पीएम

## पीएम के नागपुर दौरे से पहले हुआ उपद्रव तो हरकत में सुरक्षा एजेंसियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नागपुर में धार्मिक उन्माद भडकने के बाद आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी गुप्तचर शाखाओं को एक्टिव कर दिया गया है। सूचनाएं खंगाली जा रही हैं। उपद्रव मचाने वालों को चिन्हित करने के साथ इस बात की तफ्तीश की जा रही है कि उपद्रवियों की जड़ें लोकल हैं या फिर कोई बाहरी तत्वों का भी दखल है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि सुरक्षातंत्र को जहां इस बात की चिंता है कि आजादी के बाद आजतक नागपुर में कभी धार्मिक उन्माद नहीं भड़का, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा से ठीक पहले ऐसे उपद्रव के क्या मायने हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च का गुड़ी पड़वा के दिन नागपुर दौरा निर्धारित है। उसी दिन प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ प्रवास भी सुनिश्चित है। नागपुर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हरियाणा में लिंगानुपात की स्थिति

## लिंगानुपात जो 2015 में 835 था आज बढ़कर 910 हो गया: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि बेटियों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पानीपत से 23 जनवरी, 2015 को आरम्भ किये गये बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्र व्यापी अभियान के परिणामस्वरूप लोगों में चेतना आई और प्रदेश का लिंगानुपात जो 2015 में 835 था आज बढ़कर 910 हो गया है। मुख्यमंत्री बजट सत्र के दौरान रघुबीर सिंह कादियान द्वारा उठाए गये एक मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान हर वर्ग के लिए था और यह कोई राजनैतिक अभियान नहीं था। प्रधानमंत्री ने घटते लिंगानुपात पर चिंता जाहिर करते हुए बेटियों को बचाने के लिए यह अभियान शुरू ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की बैठक में फैसला

## अब वोटर आईडी से लिंक होगा आधार कार्ड, राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। इसलिए आधार से लिंक करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज हों। आयोग ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद के एक अहम सत्र को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

## कश्मीर पर पाकिस्तान के 'आक्रमण' को पश्चिम-यूएन ने दी 'विवाद' की शक्ल: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद-2025 के दूसरे दिन 'सिंहासन और कांटे: राष्ट्रों की अखंडता की रक्षा' नामक एक महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित किया।

जिसमें उन्होंने कश्मीर पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे समेत कई जरूरी मुद्दों पर भारत की राय से दुनिया को रूबरू कराया। कश्मीर पर पाकिस्तान के दशकों से बने हुए अवैध कब्जे को लेकर जयशंकर ने पश्चिम के विकसित देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान ने आक्रमण किया था। लेकिन पश्चिमी देशों और यूएन ने इसे विवाद के रूप में तब्दील कर दिया। हमलावर और पीड़ित ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मानकों में बुनियादी स्थिरता की दरकार

जयशंकर ने कहा कि वर्तमान में एक मजबूत और पारदर्शी संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है। जहां पर मानकों में बुनियादी स्थिरता देखने को मिले। विकसित देशों पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने राजनीतिक हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि आज जब पश्चिम बाकी देशों में जाता है तो उसे लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का अनुपालन करना समझा जाता है। लेकिन जब दुनिया के बाकी देश पश्चिम में जाते हैं तो कहा जाता है कि उनका इरादा दुर्भावनापूर्ण है। ऐसे में हमें एक निष्पक्ष व्यवस्था चाहिए। जिसमें व्यावहारिक दृष्टिकोण से मानकों, सिद्धांतों में बुनियादी स्थिरता देखने को मिले।

#### कमजोर देश करें अपनी सुरक्षा



*बीते करीब 8 दशकों में दुनिया के कामकाज का ऑडिट करना, उसमें ईमानदार होने के साथ यह समझना जरूरी है कि आज का संतुलन और हिस्सेदारी बड़े पैमाने पर बदल गई है। पुरानी व्यवस्था उस समय के हिसाब से गढ़ी गई थी। जिसमें कुछ चीजें या नियम किसी देश के लिए ठीक थे। जबकि कुछ नहीं। ऐसे में संबंधित राष्ट्र पर किसी मुद्दे पर अलग-अलग तरीके से उक्त व्यवस्था लागू की जाती थी। इसलिए हमें एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की दरकार है। जिसमें दुनिया के कमजोर देश भी अपने अधिकारों की सुरक्षा कर सकें व उन्हें इसका अवसर मिले। यह एक प्रकार से हमारे लिए एक घरेलू व्यवस्था की आवश्यकता के समान ही है। अगर आपके पास कोई व्यवस्था नहीं है तो आप एक बहुत ही अराजक दुनिया को देख रहे हैं। उन्होंने उदाहरण के साथ कहा, जैसे आपको किसी देश में एक समाज चाहिए, वैसे ही उसका एक वैश्विक संस्करण होना चाहिए। बिना किसी व्यवस्था के सिर्फ बड़े देशों को ही लाभ नहीं होगा। जयशंकर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### स्वागत के बाद तालिबान से समस्या क्यों?

*अफगानिस्तान के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा, ये वही अफगानिस्तान या तालिबानों का एक अलग देश है। जिसका दोहा से लेकर ओस्लो में स्वागत किया गया था। तब लोग इनसे सहमत थे, तो आज इनका विरोध क्यों किया जा रहा है? ऐसे में दोहा से लेकर ओस्लो में तालिबान के साथ की गई चर्चा पर सवालिया निशान लगते हैं? जब तालिबान से निपटना आसान, सुविधाजनक होता है तो वो ठीक हो जाता है। लेकिन जब ये संभव न हो तो वो गलत करता हुआ माना जाता है।*

# मेरठ रोड पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को भव्य रूप देगा निगम

गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर सभी दलों के नेताओं तथा शहर के प्रमुख निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की गई। जिसमें आरआरटीएस द्वारा मेरठ रोड पर किए जा रहे सौंदर्य करण के कार्य में तेजी तथा भव्यता प्रदान करने के लिए चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मेरठ रोड के सौंदर्य करण तथा मेरठ रोड तिराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय के जीर्णोद्धार के लिए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर सभी दलों के नेताओं तथा शहर के प्रमुख निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की गई। जिसमें आरआरटीएस द्वारा मेरठ रोड पर किए जा रहे सौंदर्य करण के कार्य में तेजी तथा भव्यता प्रदान करने के लिए चर्चा की गई।। मौके पर नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण भी उपस्थित रहे। जिनको नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण करते हुए दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया साथ ही कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मेरठ रोड तिराहे पर रैपिड रेल टीम के द्वारा कार्य किया जा रहा है । जिसमें शहर वासियों द्वारा मेरठ रोड तिराहे को भव्यता प्रदान करने की मांग की जा



रही है जिसमें भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को भी भव्यता देने के लिए मांग की जा रही है। जिस पर नगर आयुक्त के दिए गए निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मेरठ रोड तिराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय का भी नया स्वरूप देने की मांग की जा रही है जिसका सभी दलों के नेताओं ने ज्ञापन दिया है1।

## आरआरटीएस अफसरों के साथ नगर आयुक्त बनाएंगे योजना

नगर आयुक्त ने बताया कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सर्व वर्ग के नेता है जिनके सम्मान में कई शहरवासियों द्वारा बार-बार मेरठ रोड तिराहे बनी चौधरी चरण सिंह की मूर्ति को भव्यता तथा सुंदरता प्रदान करने की मांग की जा रही है। जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से कार्यवाही अमन में लाई जाएगी। संबंधित टीम को मौके पर निरीक्षण करने तथा आरआरटीएस के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर लोक दल के नेता अजय प्रमुख, अरुण चौधरी भुल्लन , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, चौधरी तेजपाल सिंह, कांग्रेस के नेता विजय चौधरी भाजपा के नेता प्रताप चौधरी समाजवादी पार्टी के नेता आनंद चौधरी, सुनील चौधरी पूर्व पार्षद, सुभाष चौधरी पार्षद, नवीन चौधरी, भूपेंद्र बॉबी, मनोज चौधरी, अरविंद बालियान, अरविंद तेवतिया, रॉकी चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, देवेंद्र मलिक, सनी चौधरी, विक्रांत चौधरी, संदीप चौधरी, रविंद्र चौधरी, नरेंद्र सिंह वीरवाल, सागर चौधरी, मोहित मलिक, सुरेंद्र चौधरी, विनीश चौधरी, सोनवीर सिंह, मनोज डागर, विशाल चौधरी, डॉ. राकेश सिरोही, सौरभ डागर, अरुण तेवतिया, सुनील चौधरी जटवाड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुजारी से मारपीट - लूटपाट का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव हीरापुर स्थित मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट व लूट की ।



पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुजारी पन्नालाल ने बताया कि 12 मार्च को वह मंदिर में अकेला था तभी सागर व पन्नू हाथ में लोहे की रॉड व डंडा लेकर आए, जिन्होंने पैसे देने को कहा, जिसका विरोध करने पर दोनों आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा 6000 लूट कर ले गए।

### 40 हजार वाहनों से वसूले 2.21 करोड़ जुर्माना

**गुरुग्राम ।** नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुग्राम



यातायात पुलिस ने एक जनवरी से 17 मार्च तक नो पार्किंग जोन व गलत जगह खड़े किए गए 40015 वाहनों के चालान काटे हैं। पुलिस ने मोटर-व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों के चालकों पर 2,21,89,500 रुपए जुर्माना लगाया है।

### बच्चे को ढूंढ़कर परिजनों के हवाले किया

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर पुलिस ने दो साल के बच्चे को ढूंढ़कर परिजनों के हवाले कर



दिया। नइमुल्ला ने बेटा गुम होने की सूचना दी थी। बताया कि उसका दो वर्ष का बेटा अकमल हुसैन सुबह 10 बजे से गांव कासन से गुम है। आईएमटी मानेसर की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने बच्चे सकुशल ढूंढ लिया और उसके परिजनों के हवाले किया।

### मिठाई खरीदने पहुंचे व्यक्ति की हुई जेब साफ

**गुरुग्राम ।** शहर थाना एरिया के व्यस्तम सदर बाजार में जेबकतरों ने मिठाई खरीदने पहुंचे व्यक्ति की



जेब साफ कर ली। पीड़ित की शिकायत में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में अशोक विहार में रहने वाले विजय भारद्वाज ने कहा कि वह होली के अवसर पर मिठाई खरीदने के लिए सदर बाजार स्थित रेवाड़ी स्वीट्स पर गए थे। वहां उनका पर्स गायब हो गया।

## मंत्री राजेश नागर ने सीएम का माना आभार

# सीएम सैनी ने फरीदाबाद के विकास के लिए की कई मनभावन घोषणाएं

मंत्री राजेश नागर ने फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के विकास कार्यों के लिए दिए गए 600 करोड़ रुपए के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस राशि से शहर में पेयजल की आपूर्ति एवं सीवरज व्यवस्था और सडक़ नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही सीईटीपी की स्थापना की जाएगी जिसमें सीवेरज के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट 2025 में फरीदाबाद के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की है।

उन्होंने फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के विकास कार्यों के लिए दिए गए 600 करोड़ रुपए के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस राशि से शहर में पेयजल की आपूर्ति एवं सीवरज व्यवस्था और सडक़ नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही सीईटीपी की स्थापना की जाएगी जिसमें सीवेरज के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। नागर ने कहा कि बजट में फरीदाबाद के लिए कुल 11 घोषणाएं की गई हैं। जिनके जरिए शहर के बुनियादी ढांचे के विकास, किसान, महिलाएं, शिक्षाए स्वास्थ्यए खेल पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब फरीदाबाद मेट्रो रेल के जरिए गुरुग्राम और पलवल से भी जुड़ेगा। इसके लिए बल्लभगढ़ से पलवल तक और बाटा चौक फरीदाबाद से गुरुग्राम तक मेट्रो के एक्सटेंशन को मंजूरी देने का भी उन्होंने स्वागत किया। इस बजट में किसानों के हित में भी कई घोषणाएं की गई हैं। इसके साथ साथ सूरजकुंड मेला अब साल में दो बार आयोजित किया जाएगा। नागर ने कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के लिए मनभावन है और खुशियों की सौगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि इससे बजट राशि मिलने से विकास में तेजी आएगी और नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा।

### खास बातें

- मेट्रो के जरिए पलवल और गुरुग्राम से जुड़ेगा फरीदाबाद
- फरीदाबाद के लिए कुल 11 महत्वपूर्ण घोषणाएं
- किसानों के हित में भी की गई कई घोषणाएं

### नौकरी पर जाने वाली महिलाओं को मिलेगी राहत



उन्होंने कहा कि बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे बाहर से नौकरी पर आने वाली महिलाओं को राहत मिलेगी। सरकारी अस्पताल में अत्याधुनिक मातृत्व शिशुत्व केंद्र स्थापना की घोषणा भी बजट में की गई है। इसके अलावा अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निर्माण होगा। लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बल्लभगढ में नया बस स्टैंड बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। इससे बल्लभगढ़ से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को फायदा होगा। मॉडल संस्कृति स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खेल की स्थापना की जाएगी जिससे छात्रों को आरम्भ से ही खेलों से जोड़ा जाएगा।

### आईएमटी इंडस्ट्रीज एसो. की 6 मांगों को मंजूरी

राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 12 में से 6 मांगों को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

## पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन

# किसान का डेबिट कार्ड बदलकर 27 हजार निकाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बिलासपुर एरिया में एटीएम बूथ में खड़े दो युवकों ने एक किसान का डेबिट कार्ड बदलकर उसके अकाउंट से 27 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।



पुलिस को दी शिकायत में महेंद्र सिंह ने कहा कि वह 16 मार्च को सरसों की फसल के लिए पला पली खरीदने के लिए तावडू गया था। वहां उसने पेमेंट देने के लिए एटीएम बूथ पर गया लेकिन किसी भी बूथ से रुपए नहीं निकले। जिसके बाद वह रुपए निकालने के लिए बिलासपुर एटीएम बूथ पर आया। वहां भी रुपए नहीं निकले तो बूथ पर मौजूद दो युवकों ने मदद करने के बहाने उससे डेबिट कार्ड ले लिया। उन्होंने मशीन में कार्ड डाला, लेकिन रुपए नहीं निकले। इसके बाद युवक उसे डेबिट कार्ड देकर कार में सवार होकर चले गए। कुछ ही देर बाद महेंद्र के अकाउंट से 27 हजार रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। महेंद्र सिंह का डेबिट कार्ड आईसीआईसी बैंक का था। आरोपी भी उसे इसी बैंक का कार्ड देकर गए थे,लेकिन कार्ड बदला हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

## दो साजिशकर्ता गिरफ्तार,-महिला समेत तीन फरार

# गौशाला में मांस रखकर उन्माद व दंगा कराने की साजिश का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना सिहानी गेट पुलिस ने शिवचंडी मंदिर स्थित गौ शा ला लोहियानगर में मांस रखकर धार्मिक उन्माद व दंगा कराने की साजिश का खुलासा किया है। पुलिस ने साजिश रचने वाले दो लोगों



को गिरफ्तार किया है, जबकि एक महिला समेत तीन लोग फरार हैं। डीसीपी( नगर) राजेश कुमार ने बताया कि 12 मार्च को रात्रि लगभग 10 बजे पवन तोमर ने (गौ सेवक एवं पशु संरक्षण कर्ता) को सूचना मिली कि लोहियानगर स्थित गौशाला में गौमांस व पशुओं का मांस रखा हुआ है । पवन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मांस को मौके पर ही कब्जा लेकर राजकीय पशु चिकित्सालय परीक्षण के लिए भेज दिया । परीक्षण में मांस भैंस या उसके वंशज का पाया गया । पुलिस को जांच पड़ताल में पता चला कि यह घटना छाया ने यह साजिश रची। छाया शर्मा के कहने पर योगेश चौधरी, ऋषभ व उसके भाई शिवम ने गौशाला में मांस रखा था ताकि शहर की फिजा खराब हो सके।

### मंदिर पर कब्जा करने रची साजिश

उन्होंने बताया कि इसमें नन्दकिशोर शर्मा शामिल था। उसने पूर्व से विवादित शिव चंडी मंदिर स्थित गौशाला में अपना संपूर्ण कब्जा करने के लिए सुनियोजित तरीके से छाया शर्मा के साथ मिलकर होली के त्यौहार से एक दिन पूर्व धार्मिक उन्माद व दंगा फैलाने के उद्देश्य से मांस को रखवाया था । इस संबंध में अरूण भारद्वाज ने थाना सिहानीगेट पर धार्मिक उन्माद व दंगा फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवादी छाया शर्मा आदि के विरूद्ध धारा 248(ए), 353(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया । विवेचना एवं पवन शर्मा द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच में पाया कि शिव चंडी मंदिर गौशाला को अरूण भारद्वाज से खाली कराए जाने के लिए छाया शर्मा ने सुनियोजित ढंग से घटना को अंजाम दिया। योगेश से एक फोन में सिम डलवाकर सूचना गौरक्षा दल के संरक्षक पवन तोमर गौशाला में गौमांस डाले जाने की सूचना दी ।

# कंबोडिया के सिविल सेवकों को शासन के कार्यों की अधिकारियों ने दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीजीजी, भारत सरकार 10-21 मार्च, 2025 तक एनसीजीजी, मसूरी और नई दिल्ली में 10वां ₹कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए सार्वजनिक नीति और शासन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ आयोजित कर रही है। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एनसीजीजी टीम के साथ कंबोडिया के 40 सिविल सेवकों का जिला गाजियाबाद का दौरा किया। साथ ही दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में प्रशिक्षिण बैठक भी हुई हुई। बैठक में कंबोडिया के सिविल सेवकों को सार्वजनिक नीति और शासन के कार्यों के सम्बंध में अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी।

इससे पहले विकास भवन में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सिविल सेवकों को सम्मान दिय गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कंबोडिया के सभी 40 सिविल सेवकों का स्वागत किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रविंदर पुत्र प्रताप पता बी–20, गली नं.5, आई जी कॉलोनी, कनवर सिंह नगर, दिल्ली ने एफआईआर नं 879/2014 धारा 33/38 एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः नांगलोई, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 879/2014 धारा 33/38 एक्साईज एक्ट के तहत थानाः नांगलोई, दिल्ली के उक्त रविंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**आकांक्षा**

**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 05**
**वेस्ट जिला, कमरा नं.336–ए, तृतीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3377/OD/2025

**जेल विभाग, हरियाणा**
**बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला**
टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

**वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना**

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी शैक्षणिक योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर | स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले। | 30,000/– |
| 02. | काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/ सामुदायिक कार्यकर्ता | किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। | 25,000/– |
| 03. | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | स्नातक सहित अकाउंट्स का नॉलेज और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज। | 18,000/– |
| 04. | नर्स/वार्ड ब्वॉय | नर्सों को ऑग्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के रूप में क्वालीफाइड और किसी मान्यताप्राप्त सरकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए। **वार्ड ब्वॉय हेतु :-** 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अधिमानतः ऐसे केन्द्रों में अनुभवी। किसी आईआरसीए में नियुक्त वार्ड ब्वॉय को एनआईएसडी द्वारा प्रशिक्षित अवश्य होना चाहिए। | 20,000/– |
| 05. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1–2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/– |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :-** विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे सम्बन्धित जेलों में आयोजित किया जाएगा :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सेंट्रल जेल, अम्बाला | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |
| 02. | सेंट्रल जेल-II, हिसार | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 03. | जिला जेल, कुरुक्षेत्र | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| | | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 04. | जिला जेल, करनाल | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 05. | जिला जेल, पानीपत | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 06. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| | | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 07. | जिला जेल, फरीदाबाद | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 08. | जिला जेल, झज्जर | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 09. | जिला जेल, कैथल | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 10. | जिला जेल, भिवानी | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 11. | जिला जेल, जीन्द | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 12. | जिला जेल, नारनौल | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 13. | जिला जेल, सोनीपत | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त वर्णित जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :-** पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

**हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),**
**कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा**

**अनुलग्नक–III**
**आवेदन प्रपत्र**
**(अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)**

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं ______
2. आवेदक का नाम ______ लिंग ______
3. पिता का नाम ______ माता का नाम ______
4. पति/पत्नी का नाम ______
5. जन्मतिथि ______ आयु ______
6. वैवाहिक स्थिति ______
7. डाक पता ______ पिन ______
8. स्थायी पता ______
9. ई-मेल पता ______
10. टेलीफोन नम्बर ______ मोबाइल नम्बर ______
11. **शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) :**
**प्रमाण-पत्र संलग्न करें**

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

| योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)**

12. **कम्प्यूटर स्किल्स**
एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज हां/नहीं
अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
(पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

| पदनाम | संस्थान / संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति | कार्य अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| | | | | |
| | | | | |

कोई अन्य जानकारी ______

**घोषणा**

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : ......................
स्थान : ...................... आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/76/2025/32949/88/7 दि. 18.03.25

## 'दिल्ली के विधायक विधानसभा को बनाएं आदर्श विधानसभा'

# विधायक समस्याओं के समाधान पर रखें ध्यान : ओम बिरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नवनिर्वाचित सदस्य दिल्ली विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाएं, क्योंकि नई सरकार से लोगों को बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जनप्रतिनिधि दिल्ली की जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, लेकिन उनके कार्यों पर पूरे देश की नज़र रहती है। बिरला ने कहा कि विधायकों को विधानसभा में ऐसे नवाचार प्रस्तुत करने चाहिए, जिससे लोगों की समस्याओं का हल निकले और उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली से निकलने वाले समाधान न



केवल दिल्ली के काम आएंगे, बल्कि देश के अन्य राज्यों और विधायी निकायों के लिए भी एक उदाहरण बनेंगे।

बिरला ने सुझाव दिया कि सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित रहकर सोचने के बजाय पूरी दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए। दिल्ली को भारत का लघु रूप बताते हुए, बिरला ने कहा कि यहां सभी राज्यों से विभिन्न भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के लोग आते हैं, और उनकी अलग-अलग आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करना निर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा कि सदस्यों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते समय लोकतांत्रिक भावना और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए सदन के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने विधानमंडल को कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और सदस्यों के क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया। बिरला ने कहा कि सदन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए। तथा असहमति को गरिमापूर्ण ढंग से तथा सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने सदस्यों से सार्वजनिक जीवन में आचरण तथा नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। स्वतंत्रता संग्राम तथा आधुनिक भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना के साथ जुड़े दिल्ली विधान सभा के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा क सदस्यों से परंपराओं को कायम रखने तथा उन्हें और मजबूत बनाने का आग्रह किया।

### जनप्रतिनिधियों को अच्छे श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अच्छे श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सुनना भी उतना ही जरूरी है जितना अपनी बात कहना। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छा वक्ता बनने के लिए अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। बिरला ने यह भी कहा कि पुरानी चर्चा-संवाद के अध्ययन के साथ ही कानूनों तथा नए विचारों को सीखने तथा समझने की सोच के साथ काम करना आवश्यक है। बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं, भारत के संविधान, विशेषकर उन धाराओं से परिचित होना चाहिए जो आपके राज्य, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से संबंधित हैं।

## अभय वर्मा भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नवनिर्वाचित विधायक अभय वर्मा को भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक के रूप नियुक्त किया गया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में मंगलवार को दिल्ली भाजपा के विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रदेश भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली विधानसभा परिसर में यह बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा दल की गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य सचेतक की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई और सभी विधायकों ने निर्णय बैठक में उपस्थित प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा पर छोड़ दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा दल की अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री से चर्चा कर लक्ष्मी नगर से दूसरी बार विधायक चुने गये अभय वर्मा को विधायक दल का मुख्य सचेतक नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

सचदेवा ने कहा है कि विधायक अभय वर्मा दिल्ली की राजनीति में पूर्वांचल का एक पहचाना हुआ चेहरा हैं और उनके पास विधायक होने के अनुभव के साथ ही कानून की समझ भी है अतः हम उम्मीद करते हैं कि वह कुशलतापूर्वक मुख्य सचेतक का दायित्व निर्वहण कर सकेंगे। अभय वर्मा वर्तमान में 2021 से दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता हैं। अभय वर्मा प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष के अलावा चार कार्यकाल दिल्ली प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भी रहे हैं।

## अवैध पार्किंग की समस्या का शीघ्र किया जाये समाधान : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम स्कूल के सामने अवैध पार्किंग की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने मंगलवार को स्थानीय पार्षद, मोहम्मद आमिल मलिक की स्कूल के सामने पार्किंग संबंधी शिकायत सुनने के बाद अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। बता दें कि मंगलवार को शाहदरा उत्तरी जोन में वार्ड संख्या 246, श्रीराम कॉलोनी में महापौर साफ-सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां स्थानीय पार्षद, मोहम्मद आमिल मलिक ने महापौर को बताया कि क्षेत्र में स्थित निगम स्कूल के सामने अवैध पार्किंग का धंधा चल रहा है। स्कूल के बाहर की जमीन को एंक्रोच करके स्कूल की दीवार और यहां तक स्कूल के गेट के सामने गाड़ियां पार्क की जाती है जिससे छोटे बच्चों और स्कूल स्टॉफ काफी परेशान है। इसे लेकर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का समाधान किया जाये। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और यह तभी संभव है बच्चों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाया जा सके। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद, मोहम्मद आमिल मलिक, उपायुक्त अंशुल सिरोही तथा शाहदरा उत्तरी जोन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## डीयू में आरंभ हुआ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज टूर्नामेंट

नई दिल्ली। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का




शुभारंभ मंगलवार, 18 मार्च को दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर स्थित मल्टीप्रप्ज हाल में हुआ। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन एवं पीआरओ अनूप लाठर मुख्य अतिथि एवं दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्रिंसिपल प्रो. राजीव चोपड़ा विशिष्ट अतिथि थे। इस टूर्नामेंट में देशभर से 16 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही है। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट 2024-25 के आयोजन की जिम्मेदारी दिल्ली विश्वविद्यालय को सौंपी गई है। यह टूर्नामेंट 18 मार्च से 20 मार्च तक दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। डीयू के शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने बताया कि इन 16 टीमों में शतरंज के 96 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## सीवर में सफाई के दौरान हुई मौत के लिए डीजेबी जिम्मेदार, भाजपा दलितों पर नहीं देती ध्यानः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि दिल्ली में सीवर सफाई करते वक्त मौत होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके लिए सीधे रूप से दिल्ली सरकार का जल बोर्ड जिम्मेदार है। वहीं यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा दलितों और वंचित वर्ग के हितों को संरक्षण देने में हमेशा असफल रही है, क्योंकि वह गंभीरता से ध्यान नहीं देती। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि पंथ लाल की मौत और गंभीर रूप से घायल कर्मचारियों को मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली जैसे शहर में मैन्यूल तरीके से सीवर की सफाई होना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि न्यू फ्रेंड्स कालोनी में मैन्यूल तरीके से सीवर सफाई के दौरान पंथ लाल की मौत हो गई जबकि राम किशन व शिवदास की हालत गंभीर बनी हुई है। बावजूद इसके दिल्ली जल बोर्ड ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया है कि यह लोग अनाधिकृत तरीक से मैनहोल में सफाई करने के लिए उतरे थे। यह दिल्ली जल बोर्ड के साथ न तो स्थाई और न ही संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। यादव ने कहा कि ऐसी दर्दनाक घटना पर डीजेबी पूरी तरह असंवेदनशील और मानवता के खिलाफ है। यह चिंताजनक है कि करोड़ों रुपये मशीनों द्वारा सीवर सफाई के नाम पर खर्च होने के बावजूद राजधानी में सीवर की मैन्यूल सफाई में निर्दोष लोगों की जान जाना दुखद है।

## बिजली मांग 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली। इस बार गर्मियों में दिल्ली में बिजली की मांग नया ऐतिहासिक रिकार्ड 9 हजार मेगावाट दर्ज कर सकती है। इस मांग को पूरा करने की चुनौती आपूर्ति कंपनियों के सामने भी खड़ी है। लेकिन निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने दावा किया है कि हम अधिकतम मांग को निर्बाध आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी ने बताया कि बीएसईएस की इकाई बीआरपीएल क्षेत्र में ही 4000 मेगावाट दूसरी इकाई बीवाईपीएल क्षेत्र में 1900 मेगावॉट तक अधिकतम रिकॉर्ड मांग पहुंच सकती है। इसके लिए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। बीएसईएस ने लंबी अवधि के समझौतों के तहत बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पारंपरिक पावर प्लांटों से मिल रही बिजली के अलावा, बीएसईएस को लगभग 2100 मेगावॉट अक्षय ऊर्जा मिलेगी। सौर ऊर्जा के प्लांटों से बीएसईएस को 888 मेगावाट सौर ऊर्जा मिलेगी। हाइड्रो प्लांट से 546 मेगावाट बिजली मिलेगी। वहीं 500 मेगावॉट विंड पावर मिलेगी। इसके अतिरिक्त, कचरे से बनने वाली 40 मेगावॉट बिजली भी बीएसईएस को उपलब्ध होगी।





# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

## लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप

### यूपी में दो आईएएस व चार पीसीएस के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में मंगलवार को 2 आईएएस व 4 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं।




आईएएस घनश्याम सिंह को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं आईएएस निशा को मथुरा का संयुक्त मजिस्ट्रेड बनाया गया है। पीसीएस अरुण कुमार सिंह को बाराबंकी का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। पीसीएस विधेश को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महाराजगंज नियुक्त किया गया है।

### खाद की दुकान पर बेची जा रही थी शराब, गिरफ्तार

**बरेली।** यहां भोजीपुरा क्षेत्र में खाद की दुकान पर अंग्रेजी व देसी शराब बेची जा रही थी। एक युवक को



शराब बेचते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। दुकान से 23 बोतल अंग्रेजी शराब व 75 क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पहले शराब बेच रहे युवक ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उसे घेर लिया।

### 12 फीट लंबे मगरमच्छ को देख ग्रामीणों के उड़े होश

**ललितपुर।** यहां एक गांव में 12 फीट लंबा और 2 कुंतल वजनी मगरमच्छ गेहूं के खेत में घुस गया।



मगरमच्छ पर नजर पड़ते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मगरमच्छ को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग को जेसीबी मंगानी पड़ी। उसे जेसीबी की मदद से उठाकर ट्राली में रखा गया। वहीं, इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

एक दर्जन ट्रेनें प्रभावित

## बैरिकेडिंग तोड़ ट्रैक पर पहुंचा डंपर आ गई मालगाड़ी, उड़ गए परखच्चे



एजेंसी ▶▶ अमेठी

यूपी के अमेठी में मंगलवार की तड़के लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर भीषण हादसा हो गया। यहां निहालगढ़ के पूरे शोहरत स्थित रेलवे क्रासिंग बंद हो रही थी। इसी समय तेज रफ्तार डंपर रेल क्रॉसिंग के एक साइड का बूम तोड़ते हुए ट्रैक पर पहुंच गया। गेटमैन ने देखा तो फाटक बंद करके भाग गया। इससे डंपर ट्रैक पर फंसा रह गया।

कुछ देर में ही मालगाड़ी आ गई। ट्रेन ट्रैक पर खड़े डंपर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। ट्रेन में फंसकर डंपर करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। इससे ट्रैक के कई पोल क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रेल परिचालन बाधित हो गया। डंपर के परखच्चे उड़ गए। डंपर की लोहे की चादर ट्रेन के इंजन के आगे की हिस्से में चिपक गई। इंजन के कांच टूट गए।

मायावती के आवास पहुंची 80 एनएसजी जवानों की टीम

## सुरक्षा व्यवस्था परखी, मॉक ड्रिल के दौरान गहमागहमी, सायरन बजाती एंबुलेंस आई

मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉकड्रिल की गई। इस दौरान करीब 80 एनएसजी जवान उनके आवास पर पहुंचे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ स्थित बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर मंगलवार को गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया और मॉक ड्रिल की गई। 80 एनएसजी जवानों की टीम सबसे पहले बसपा सुप्रीमो के आवास पहुंची और फिर सायरन बजाते हुए एक एंबुलेंस परिसर में दाखिल हुई। यहां पर मायावती जैसे कपड़े पहने एक महिला को एंबुलेंस से बाहर लाया गया और उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें फिर से आवास वापस लाया गया।

### 9 माल एवेन्यू आवास के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे



इस दौरान एनएसजी टीम ने रिस्पांस टाइम नोट किया। इस तरह बसपा सुप्रीमो की सुरक्षा की मॉक ड्रिल पूरी हुई। पूरे अभ्यास सत्र के दौरान उनके आवास पर 80 के करीब एनएसजी जवान तैनात रहे और आसपास कड़ी नजर रखी गई। एक घंटे तक चले अभ्यास में सिविल अस्पताल के डॉक्टर, पुलिसकर्मी, फायर और एंबुलेंस की टीमें भी शामिल रहीं। उल्लेखनीय है कि मायावती ने कई बार अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा जताया है। वह इस पर मीडिया में बयान भी दे चुकी हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार के 8 साल

# जेवर में बन रहा देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट फिल्म सिटी का सपना भी हो रहा है साकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आठ वर्षों के दौरान प्रमुख विकास कार्य हुए हैं। जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी निर्माणाधीन हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते आठ वर्षों में विकास की गाथा लिखी गई है। पश्चिमी यूपी खासतौर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के माध्यम से औद्योगिक और आर्थिक प्रगति का नया केंद्र बन चुका है। यहां पर जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रही है।

राज्य सरकार के प्रयासों से निवेश को बढ़ावा मिला है और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। यूपीजीआईएस-2023 और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी-04 के जरिए यीडा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया गया है। यूपीजीआईएस-2023 में यीडा ने 165 समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिससे कुल 1,88,970.18 करोड़ रुपये का निवेश मिला। यह तय लक्ष्य से 236.21 प्रतिशत अधिक है और इससे 4,53,339 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### खास बातें

- यूपी में 1,88,970.18 करोड़ रुपए का निवेश, 4,53,339 रोजगार की संभावना
- यीडा औद्योगिक विकास से अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है उत्तर प्रदेश

### जीबीसी-04 में 45,148.41 करोड़ का निवेश



वहीं, जीबीसी-04 में 45,148.41 करोड़ रुपए का निवेश किया गया, जिससे 1,32,663 लोगों को रोजगार मिलेगा। यीडा ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई पार्क, टॉय सिटी, हैंडीक्राफ्ट पार्क, अपैरल पार्क, डाटा सेंटर पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे क्लस्टर आधारित उद्योग स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 152 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की गई, जिससे 27,521.99 करोड़ रुपये का निवेश आया और 16,405 लोगों को रोजगार मिला।

### मुना अथॉरिटी के सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा

यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-28 में 439.40 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां 74 भूखंडों का आवंटन हो चुका है, जिससे 3,800 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और

### यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में बन रही फिल्म सिटी

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में बनने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी भी प्रदेश में बड़े निवेश और रोजगार के अवसर लेकर आ रही है। पहले चरण में 230 एकड़ में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के मुताबिक श्री बांके बिहारी मंदिर के पास ब्रज विकास परिषद के सुझाव पर हेरिटेज सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी, रिवर फ्रंट और योग केंद्र शामिल होंगे।

### 72.26 किलोमीटर लंबी रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की योजना

*जेवर में 1,334 हेक्टेयर में बनने वाला नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। इसके पहले चरण में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी 5,730 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। 2025 तक शुरू होने वाले इस एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 12 मिलियन होगी। साथ ही, जेवर एयरपोर्ट को गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जोड़ने के लिए 72.26 किलोमीटर लंबे रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की योजना बनाई गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 20,637 करोड़ रुपये है और इसका डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा गया है।*

## अचानक विधानसभा में खड़े होकर तालियां बजाने लगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में आज मंगलवार को प्रश्नकाल की शुरूआत हुई। प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सदन में मौजूद हैं। प्रश्नकाल के दौरान ललित यादव ने शिक्षा विभाग से जुड़ा सवाल उठाया। मंत्री सुनील कुमार के जवाब से विपक्षी विधायक संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद हंगामा करने लगे. राजद-माले विधायक शोर गुल करते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान रिपोर्टर टेबल को पीटने लगे। हंगामा कर रहे विधायकों ने जब टेबल को पलटने की कोशिश की, इसके बाद स्पीकर नंदकिशोर यादव गुस्से में आ गए।

### विपक्षी विधायक प्रदर्शन न करें मुझे लिख कर दे कार्रवाई करूंगा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उठे और विपक्षी सदस्यों समझाने लगे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के विधायकों के प्रदर्शन में हस्तक्षेप करते हुए कहा विपक्षी विधायक प्रदर्शन नहीं करें मुझे लिख कर दे अपनी शिकायत मैं कार्रवाई करूंगा। विपक्ष के तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप लोगों को कोई शिकायत या काम है तो मुझे लिखित में दीजिए। कहा कि हमारे खिलाफ बोल रहे हैं, हमारे खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस लिए हम आपसबों को बधाई दे रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ताली बजाकर विपक्षी विधायकों को बधाई दी, जो उनकी ओर से व्यंग्यात्मक टिप्पणी प्रतीत हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को नसीहत दी और विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद, राजद विधायक शांत हुए।

### सरकारी विद्यालयों में निर्माण की मांग

इसके बाद अशोक कुमार ने सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त भवन के निर्माण की मांग का मुद्दा उठाया। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार जवाब दे रहे थे। लेकिन अशोक कुमार संतुष्ट नहीं हुए तो फिर सीएम नीतीश उठे और मंत्री सुनील कुमार और संबंधित अधिकारियों को नसीहत दी कि सही से जवाब दिया जाए। मुख्यमंत्री ने मंत्री को नसीहत दी, साथ ही विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ को एक्शन लेने को कहा। मंत्री विजय चौधरी ने मुख्यमंत्री को कागज बढ़ाया, जिसे नीतीश कुमार ने पढ़ा। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद राजद विधायक शांत हुए और अपनी सीट पर बैठ गए।

## पेज एक का शेष

### भारत की बेटी ...

निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे।

**स्पेसक्राफ्ट ने 'उगली' आग, खुलेंगे 4 पैराशूट...अहम रहे... 46 मिनट:** मेरिका के फ्लोरिडा तट पर ड्रैगन कैप्सूल के 7 संभावित स्प्लेशडाउन साइट हैं। यानी समंदर में गिरने का स्थान। इनमें से 3 गल्फ ऑफ मैक्सिको की तरफ हैं और 4 अटलांटिक सागर की तरफ। ग्राउंड पर बैठी टीम यह तय करती है कि मौसम और दूसरे सेफ्टी फैक्टर के हिसाब से इनमें से कौन सी साइट ड्रैगन के लैंडिंग (स्प्लेशडाउन) के लिए सही रहेगी। मिशन कंट्रोल में बैठे नासा और स्पेसएक्स के साइंटिस्ट ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को उसके आखिरी आर्बिट ट्रेजेक्टरी में भेजने के लिए उसके थ्रस्टर का इस्तेमाल करते हैं। न्यूटन के तीसरे नियम का सहारा लेते हैं और स्पेसक्राफ्ट की दिशा को बदलने के लिए थ्रस्टर से फोर्स लगाते हैं। धरती के वायुमंडल में घुसने के पहले ट्रेजेक्टरी को आखिरी बार बदलने से लेकर धरती पर लैंड करने के बीच लगभग 46 मिनट का वक्त लगता है। जैसे-जैसे ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट धरती के वायुमंडल में आता है, परिस्थिति गंभीर होती जाती है। वायुमंडल में घुसने के ठीक पहले ड्रैगन कैप्सूल अपने ट्रंक मॉड्यूलर से अलग हो जाता है। यानी, धरती पर सिर्फ कैप्सूल वाला हिस्सा आता है और इसी के अंदर चारों अंतरिक्ष यात्री थे। ड्रैगन कैप्सूल के अलग होते ही इसमें लगे 8 ड्रेको थ्रस्टर्स की मदद से कैप्सूल के फ्लैट, यानी पीछे वाले हिस्से को धरती की ओर मोड दिया जाता है। वजह है कि इसी फ्लैट पार्ट में हीट शील्ड लगे होते हैं, जो अत्यधिक तापमान की स्थिति को झेलने में इसे सक्षम बनाते हैं।

**ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में आया:** ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में गुजरता है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है और घर्षण यानी फ्रिक्शन की वजह से तापमान 7,000 डिग्री फैरनहाइट तक पहुंच जाता है। ये 7 मिनट ऐसे होते हैं जब ग्राउंड पर बैठी मिशन कंट्रोल टीम का कैप्सूल पर कोई कंट्रोल नहीं होता। ये तापमान अंदर फील नहीं होता। फ्रिक्शन की वजह से ही कैप्सूल की रफ्तार भी थोड़ी धीमी होती है और रफ्तार 600 किमी प्रति घंटे तक आ जाती है। इस स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों पर धरती के गुरुत्वाकर्षण बल से चार-पांच गुना ज्यादा फोर्स लगता है। रफ्तार कम होने के साथ तापमान भी कम होता है और कैप्सूल आग का गोला नहीं रह जाता। कैप्सूल वापस से ऑनलाइन आ जाता है, मिशन कंट्रोल से उसका कनेक्शन बन जाता है। पानी में गिरने के बाद अंतरिक्ष यात्री अंदर ही बैठे रहते हैं। उसी समय एक ग्राउंड टीम वहां पहुंचती है और कैप्सूल को समुंदर से बाहर निकालती है। इसके बाद कैप्सूल को खोलकर अंदर बैठे अंतरिक्ष यात्रियों को बाहर निकाला जाता है।

### आप हमारे दिलों के ...

है। भारत के लोग आपकी अच्छी सेहत और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पीएम ने लिखा कि बोनी पंड्या निश्चित रूप से आपकी वापसी की प्रतीक्षा कर रही होंगी और मुझे विश्वास है कि स्वर्गीय दीपकभाई की शुभकामनाएं भी आपके साथ हैं। मुझे 2016 में अमेरिका की यात्रा के दौरान आपसे और दीपकभाई से मिलने की यादें आज भी ताजा हैं। आपकी वापसी के बाद, हम भारत में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए यह गर्व की बात होगी कि वह अपनी एक प्रतिष्ठित बेटी की मेजबानी करे। मैं माइकल विलियम्स को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजता हूं। आपको और बैरी विलमोर को सुरक्षित वापसी के लिए शुभकामनाएं।

### महाकुंभ से निकला...

लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को 12 बजकर 29 मिनट से 1 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। 1 बजे के बाद भी हालात नहीं बदले और सदन में विपक्ष का हंगामा, नारेबाजी जारी रही। जिस पर पीठासीन सभापति ने कार्रवाई को 19 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**विरासत से जुड़ाव भारत की बड़ी पूंजी:** प्रधानमंत्री ने कहा, आज मैं ये देख रहा हूं कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का जो क्रम है। वह कितनी सहजता से आगे बढ़ रहा है। हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी कितने श्रद्धाभाव से महाकुंभ से जुड़ी। आज देश का युवा अपनी परंपरा, आस्था और श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। जब एक समाज में अपनी विरासत पर गर्व पर भाव बढ़ता है तो हम ऐसी ही भव्य-प्रेरक तस्वीरें देखते हैं। जो हमने महाकुंभ के दौरान देखी हैं। जिससे भाईचारा और आत्मविश्वास बढ़ता है कि एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। अपनी परंपराओं, आस्था, विरासत से जुड़ने की यह भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है।

**नदियों के संरक्षण की मिली प्रेरणा:** महाकुंभ से हमें कई प्रेरणाएं मिली हैं। इसमें नदियों का संरक्षण मुख्य है। हमारे देश में कई सारी छोटी-बड़ी नदियां हैं। कई ऐसी हैं जिन पर संकट भी आ रहा है। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा। हमें जरूर सोचना चाहिए। जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ आएगा, नदियों की साफ सफाई को बल मिलेगा और नदियों की रक्षा होगी।

**महाकुंभ से निकला एकता का अमृत:** महाकुंभ से निकले अनेकों अमृतों में से एक है एकता के अमृत का प्रसाद। ये एक ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर कोने से लोग आए और एक हो गए। जब अलग-अलग क्षेत्रों से आए करोड़ों लोग राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती देते हैं तो देश की एकता बढ़ती है। पीएम ने कहा, आज विश्व में जहां बिखराव की स्थितियां हैं। उसके बीच एकजुटता का ये विराट प्रदर्शन हमारी बहुत बड़ी ताकत है। हमारा यह दायित्व है कि अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहे।

### ये (विपक्ष) वही लोग ...

महाकुंभ के भव्य आयोजन और भारत की आध्यात्मिकता के बारे में सदन में बात की। उन्होंने कहा कि सभी ने उनकी बात सुनी और उनकी प्रशंसा की।

### पीएम मोदी के ...

प्रवास के दौरान पीएम मोदी संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के नाम पर बनने वाले नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की नींव रखेंगे। केशव नेत्र चिकित्सालय में कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात और बातचीत अलग से हो सकती है। इस मुलाकात और कार्यक्रमों पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।

**भागवत, मोदी रहेंगे साथ:** नागपुर के इस दौरे पर हो रहे समारोह में संघ प्रमुख मोहन भागवत और पीएम मोदी नागपुर में सार्वजनिक रूप से पहली बार मंच साझा करेंगे। इससे पहले दोनों शख्सियतों ने राम मंदिर के भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा के दौरान साल 2023 और 2024 में सार्वजनिक रूप से मंच साझा किया था। पीएम बनने के बाद पहली बार रेशिमबाग जाकर डॉ हेडगेवार को पीएम श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। वर्ष प्रतिपदा यानी साल के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी संघ के संस्थापक और पहले सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। संघ की कार्य पद्धति में वर्ष प्रतिपदा का बहुत महत्व माना जाता है। जिसे हिंदी पंचांग के हिसाब से वर्ष का पहला दिन के तौर पर मनाया जाता है।

**नेत्र चिकित्सालय की रखेंगे आधारशिला:** पीएम मोदी नागपुर में संघ के प्रकल्प केशव नेत्र चिकित्सालय के एक विशेष कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। केशव नेत्र चिकित्सालय के कार्यक्रम में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे। नागपुर में देश का पहला नेत्र चिकित्सालय और कॉलेज की नींव रखी जाएगी. केशव आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे। बताया जा रहा है कि स्मारक समिति की ओर से भैयाजी जोशी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर स्थित संघ मुख्यालय का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी का यह संघ मुख्यालय का दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लिंगानुपात जो...

किया था। इस पर राज्य सरकार तीव्र गति से कार्य कर रही है। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि कांग्रेस सरकार के समय में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना का लाभ लेने के लिए बुर्जुगों को लम्बा इंतजार करना पड़ता था, कि कब उनकी पेंशन आएगी, पर आज हमने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि जैसे ही कोई व्यक्ति 60 वर्ष की आयु पूरी करता है तो उसकी पेंशन ऑटोमैटिक बन जाती है। अब पेंशन के लिए किसी बुजुर्ग को इंतजार नहीं करना पड़ता है।

**गरीब आवास निर्माण हेतु 70 हजार लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित होगी राशि: नायब:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान बनाने के लिए अब तक वेरीफाई किए गए लगभग 70,000 लाभार्थियों के खातों में 150 करोड़ रुपए की राशि आगामी 20 तारीख तक स्थानांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक शीशपाल केहरवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत 70,000 ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत किया है। विभाग द्वारा उन्हें वेरीफाई कर लिया गया है और 20 तारीख तक 150 करोड रुपए की एक मुफ्त किस्त उनके खाते में भेज दी जाएगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि विभाग ने प्रदेश में गरीब लोगों को आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक पोर्टल बनाया हुआ है जिस पर पंजीकरण के बाद आवेदक को वेरीफाई किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने की गारंटी किसी की है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है।

### अब वोटर आईडी से...

ने कहा कि संविधान के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिल सकता है। आधार सिर्फ व्यक्ति की पहचान साबित करता है, उसकी नागरिकता नहीं। इसलिए इस प्रक्रिया को कानूनी दायरे में रखा जाएगा और सुप्रीम कोर्ट के सिविल के फैसले के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा।

**तकनीकी विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी शुरू:** चुनाव आयोग और आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया को साइबर सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिकता से जुड़ा भ्रम न फैले। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद चुनाव सुधारों को तेज कर दिया है। चुनाव आयोग आगामी चुनावों को ज्यादा पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए कई नए कदम उठा रहा है। चुनाव आयोग ने पहली बार राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से 30 अप्रैल 2025 तक सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा, 31 मार्च 2025 तक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों पर विचार किया जाएगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे।

### कश्मीर पर पाकिस्तान...

को बराबर रखा गया। दोषी पक्ष कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका? सभी दोषी हैं। उन्होंने कहा, हम सभी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की बात करते हैं। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी दूसरे देश द्वारा किसी क्षेत्र पर किया गया अनाधिकृत कब्जा केवल भारत के जम्मू-कश्मीर से जुड़ा हुआ है। हम संयुक्त राष्ट्र गए थे। लेकिन उन्होंने दोहरे मापदंड अपनाए। उन्होंने कहा, इस मामले पर मेरे पास कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं? रायसीना संवाद का आयोजन बीते 17 से 19 मार्च तक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का एक प्रमुख सम्मेलन है। जिसमें इस वर्ष दुनिया के करीब 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**जोखिम उठाने के लिए बड़ा होना जरूरी नहीं:** उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने हमारे पड़ोस में देखा है कि जहां पर जोखिम उठाने के लिए आपको बड़ा देश होने की जरूरत नहीं है। अगर कोई देश जोखिम लेता है, कट्टरपंथी रवैये के साथ आगे बढ़ते हुए व्यवस्था का परीक्षण करता है और उसका उद्देश्य अव्यवस्था का अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करना है। तो भारत के कुछ निकट पड़ोसी हैं, जिन्होंने इस मामले पर अच्छा काम किया है।

### कमजोर देश करें अपनी सुरक्षा...

ने अपने संबोधन में म्यांमार में हुए सैन्य तख्तापलट का भी जिक्र किया और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के महत्व को भी सभी के समक्ष रेखांकित किया।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस की कमान दलित विधायक राजेश कुमार को, सांसद मौजूदा अध्यक्ष अखिलेश सिंह की छुट्टी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार की राजनीति को कांग्रेस के लिए उर्वर बनाने को शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह जुट गया है। तैयार किये गये ब्लूप्रिंट के आधार पर सबसे पहले समूचे पीसीसी को नये रंगरोगन से सजाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कृष्णा अल्लवरू के बिहार प्रभारी बनने कुछ दिनों बाद ही प्रदेश के लिए नये अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई।

बिहार के कुटुंबा विधानसभा से विधायक राजेश कुमार नये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाये गये हैं। राज्यसभा सांसद और मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष की छुट्टी कर दी गई है। अगडी जाति से आने वाले अखिलेश सिंह की जगह अब सूबाई कांग्रेसी सियासत में दलित चेहरे के रूप में राजेश कुमार को मौका दिया गया है। बिहार प्रभारी अल्लवरू ने बताया कि लंबे समय से बिहार के लिए पूरी कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ। इस बार बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी नये कलेवर में दिखेगी। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बडे बदलाव के साथ कांग्रेस आलाकमान सभी मोहरों को सजाने में जुट गया है। माना जा रहा है कि राजेश कुमार के साथ कुछ कार्यकारी अध्यक्ष भी भविष्य में बनाये जा सकते हैं ताकि बिहार में जातपात की राजनीति को वोटरों में परिणत किया जा सके। अभी तक बिहार कांग्रेस के साथ 'सियासी आपदा' रही।

अशोक चौधरी और महबूब अली कैसर जैसे नेता प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पार्टी छोडकर जदयू और लोजपा में चले गये। प्रदेश कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा न कभी रहा न ही कभी नेतृत्व को उभरने का मौका दिया गया। दूसरी दफा है जब बिहार कांग्रेस की कमान किसी दलित नेता को दी गई है। अशोक चौधरी भी दलित नेता थे। अब बिहार सरकार में मंत्री हैं। उनकी बेटी शांभवी चौधरी लोकसभा में सांसद हैं। बिहार कांग्रेस में पहले ब्राह्मण नेताओं का बोलबाला था। फिर मुस्लिम नेताओं का दौर चला। अब जब न संगठन हैं, न नेता और न कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व खादपानी डालकर नये सिरे से वोटों की फसल उगाने की जुगत में है। राजद और वामदलों के साथ मिलकर कांग्रेस विधानसभा चुनाव में खंभ ठोकेगी।

## पटना में राबड़ी देवी और तेज प्रताप से ईडी ने की पूछताछ



एजेंसी ▶▶ पटना

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के मामले में आज लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजप्रताप यादव से ईडी पूछताछ कर रही है। यह पूछताछ पटना स्थित ईडी दफ्तर में हो रही है। ईडी जानना चाहती है कि नौकरी के बदले जमीन लेने में उनकी क्या भूमिका थी। दरअसल, लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी ने लालू परिवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। राबड़ी देवी और तेजप्रताप यादव, दोनों ही ईडी के दफ्तर पहुंचे हैं। राबड़ी देवी के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी आई हैं। ईडी दफ्तर के बाहर लालू यादव के समर्थक नारेबाजी कर रहे हैं।

कोल्हान में मजबूत करने की कवायद

## हेमंत सोरेन की पार्टी से जुड़ेंगे कई दिग्गज नेता, एक पूर्व मंत्री को मिल सकता है राज्यसभा का टिकट

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने कुनबे को कोल्हान में मजबूत करने की कवायद में जुटा हुआ है। कोल्हान के कई दिग्गज नेता पार्टी के संपर्क में हैं और तीर-धनुष थामने की तैयारी में हैं। ऐसे ही एक पूर्व मंत्री भी झामुमो में शामिल होने की तैयारी में है। झामुमो की पतवार संभाल कर पूर्व मंत्री अब राज्यसभा पहुंच कर अपनी राजनीतिक नैया पार करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। बताया जाता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से भी पूर्व मंत्री को



राज्यसभा भेजने का आश्वासन मिला है। हालांकि हाई कमान की मंजूरी बाकी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता बताते हैं कि यह पूर्व मंत्री पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी सीट हारने के बाद से ही पार्टी के संपर्क में हैं और राज्यसभा पहुंचने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। गौरतलब हो कि कोल्हान में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ने के बाद व्यापक स्तर पर पार्टी ने दूसरे दलों के दिग्गज नेताओं को अपने दल में शामिल करने का अभियान छेड़ दिया था। इनमें पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी से लेकर पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, गणेश महाली और बारी मुर्मू जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं।

## चिंतन

# आखिर कब तक भड़कती रहेगी सांप्रदायिक हिंसा?

मानवता के मार्ग में हिंसा की कोई जगह नहीं है। राष्ट्र के सामाजिक विकास में कोई भी विभाजनकारी तत्व अवरोधक है। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा भारत की वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, संवैधानिक सहिष्णुता छवि को दागदार बनाती है। सांप्रदायिकता और जातीयता की बुनियाद पर कोई भी राजनीति प्रगतिवादी नहीं हो सकती है। अगर एक अफवाह पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कती है, तो यह किसी भी समाज, राष्ट्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे संगठन, लोग किसी भी राज्य, देश के लिए हितकारी नहीं हो सकते, जिनके लक्ष्य विभाजनकारी हैं। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, एक फिल्म से या किसी अफवाह से अपना विवेक खो देते हैं, तो ऐसे लोग कम से कम अपने धर्म को नहीं समझते। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता। भारत की सभ्यता विश्व की सबसे पुरानी है। भारतीय संस्कृति पांच हजार वर्ष पुरानी है। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है। भारत ने अतीत में विभिन्न तरह की कड़वाहट को झेला है। विदेशी मुस्लिम आक्रांता आए, इस्लाम लेकर आए, शासन किया। व्यापारी बनकर अंग्रेज आए, शासक बन गए, ईसाइयत का प्रचार किया, भारत का जी भरकर दोहन किया। लेकिन करीब नौ सौ वर्ष के काल में सनातन कभी कमजोर नहीं हुआ। सनातन व इसकी सांस्कृतिकता की छवि को विभ्रमित करने की सचेष्ट कोशिश जरूर हुई, लेकिन कभी किसी को सफलता नहीं मिली। भारत का राजनीतिक अतीत रक्तरंजित है, विवादों से भरा हुआ है, महिमामंडित है और गलत-सही तथ्यों से शब्दित है। इसलिए अतीत की कब्र खोदने से हमें निराशा ही मिलेगी। कोई भी अतीत वर्तमान के न्याय का आधार नहीं हो सकता। भारत हमेशा भविष्योन्मुखी देश व समाज रहा है, जहां सभी वर्ग, वर्ण, धर्म के लोगों ने जगह पाई है। भिन्नता, बहुलता, बहुसांस्कृतिकता, बहुधर्मिता, बहुजातीयता भारत की खूबी भी हैं और ताकत भी हैं। सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति से अगर भारत की इस खूबी व ताकत को कमजोर करने की कोशिश होगी तो अंततः राष्ट्र ही कमजोर होगा। यूरोप ने अतीत में काफी हिंसा देखी, विश्व के अनेक हिस्सों में अतीत में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं, सभी ने सबक सीखा, खुद को सभ्य बनाने की राह चुनी। आजादी के वक्त से ही भारत ने अनेक सांप्रदायिक व जातीय हिंसा को झेला है, तो क्या अब भारत सबक नहीं सीखेगा। धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहेगा, खून बहता रहेगा, आखिर मानवता की स्थापना कब होगी? कौन करेगा, जब राजनीति चमकाने के लिए चंद लोग अतीत की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। विश्व के श्रेष्ठ संविधान वाले देश भारत अपने संवैधानिक समानता, एकता, अखंडता, समरसता के लक्ष्यों को साकार कब करेगा? एक अफवाह भर से अगर हिंसा फैलती है, तो क्या लोग तलवार व भाले लेकर हमेशा बैठे रहते हैं? क्या हम इतने खून के प्यासे हो गए हैं? हम इतने आक्रोशित क्यों हैं? हमारी राजनीति देश को किस अंधकार में धकेल रही है? नागपुर की सांप्रदायिक हिंसा देश में पहली घटना नहीं है, देश में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं, लाखों जानें गई हैं। बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, गांधी के देश में सांप्रदायिक आग क्यों भड़क रही है? क्या हम विभाजनकारी बुनियाद पर विकसित भारत बनाएंगे? सरकार को नागपुर हिंसा की जांच करनी चाहिए, दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचानी चाहिए। किसी भी संगठन, गुट व लोग को समाज को सांप्रदायिक आग में झोंकने का हक नहीं मिलना चाहिए, इनके प्रति सरकार को कठोर होना चाहिए।



**विश्लेषण**
डॉ. एल.एस. यादव

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

**भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।**

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।

इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**विमर्श**
राधा रमण



# राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है। बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है -'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है। याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।'सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

# अच्छी बातों से मिलता है लाभ



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नालियां जाम, मच्छर बढ़े

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमा गई है। छोड़ी सी कालोनी और समस्याएं ढेर सारी हैं। समिति के जिम्मे साफ-सफाई और मेंटेनेंस का जिम्मा है। पहले हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे होता था, तो महीने में हर गली की सफाई हो जाती है। अब शुल्क लेने के बाद भी साल में एक या दो बार गालियों की सफाई होती है। ऐसे में गालियां जाम हैं और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जब तक कोई शिकायत न हो, लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

*– राजेंद्र कुमार, सेजबहार*

## करंट अफेयर

### यूरोप में 1997 के बाद से खसरे का सबसे बुरा प्रकोप




विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1997 के बाद से यूरोप में खसरे के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। साल 2024 में 127,350 मामले थे – जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। यूरोप के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, /"खसरा वापस आ गया है और यह एक चेतावनी है। उच्च टीकाकरण दरों के बिना, कोई स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। पिछले साल खसरे से 38 मौतें हुई थीं। इसका संक्रमण कोविड की तरह ही फैलता है। इसके संक्रमण के कारण हल्के मामलों में शरीर पर दाने आते हैं और बुखार होता है, जबकि गंभीर मामलों में इन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), निमोनिया और अंधापन होता है। अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की आशंका मुख्य रूप से उन लोगों में होती है, जिन्होंने टीके नहीं लिये हैं, तथा विकसित देशों में खसरे के मामलों में मृत्यु दर लगभग 1,000 में से एक से लेकर 5,000 में से एक तक होती है। खसरे से संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति औसतन 12 से 18 अन्य लोगों में वायरस फैला सकता है। यह कोविड से ज़्यादा संक्रामक है। उदाहरण के लिए, कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित व्यक्ति वायरस को लगभग आठ अन्य लोगों में फैला सकता है।

## ऑफ बीट

### मातृ मृत्यु दर 33 अंक घटकर 2018-20 में 97 हो गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा को बताया कि भारत ने 2020 तक मातृ मृत्यु अनुपात को घटाकर, प्रति लाख जीवित जन्म पर 100 करने का



राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक इसे 70 करने के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उच्च सदन को एक प्रश्न के उत्तर में नड्डा ने बताया कि भारत के महा पंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, देश का वर्तमान मातृ मृत्यु अनुपात प्रति लाख जीवित जन्म पर 97 है। उन्होंने कहा कि एमएमआर 2014-16 में 130 था जो 2018-20 में 97 हो गया। इस प्रकार एमएमआर में 33 अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। नड्डा ने कहा, भारत ने 2020 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के,प्रति लाख जीवित जन्मों पर 100 एमएमआर का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 70 का एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह, भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

## ट्रेंड

### दिल्ली का विकास



हमारा एक ही लक्ष्य है- दिल्ली की प्रगति, समृद्धि और विकास। इस सदन का उपयोग करते हुए हम पक्ष -विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे। सभी का सहयोग लेते हुए सकारात्मक माहौल में चर्चा करेंगे और दिल्ली का विकास व प्रगति सुनिश्चित करेंगे।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई




महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं, क्योंकि इससे आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### ओबीसी आरक्षण बढ़ाया



कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की ज़रूरत है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अडोलसीन्स सीरीज



नेटफलिक्स की अडोलसीन्स एक ऐसी सीरीज है जो वास्तव में महान हो सकती है। यह आपको पात्रों के दिमाग में गहराई से डुबो देती है और आपको खुद पर चिंतन करने का मौका देती है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# संसद में सैलजा ने सिरसा-फतेहाबाद-अग्रोहा-हिसार रेल लाइन की मांग प्रमुखता से उठाई

## हरियाणा में कुछ रेल मार्ग के दोहरीकरण, वंदेभारत ट्रेन के संचालन की मांग भी लोकसभा में रखी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में कुछ नई रेलवे लाइन बिछाने, कुछ के दोहरीकरण, वंदे भारत सहित कुछ नर्द ट्रेन शुरू करने कुछ ट्रेनों के कुछ स्टेशनों पर ठहराव तो कुछ के समय में बदलाव करने की मांग लोकसभा सदन में रखी।

सांसद कुमारी सैलजा ने सदन में रेलवे सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रेल हादसे बढ़ रहे है इन पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है क्योंकि जान माल का भारी नुकसान हो रहा है। रेल सुरक्षा को लेकर बजट बढ़ाए जाने की जरूरत है। वर्ष 2023 में 200 ट्रेन हादसे हुए और अभी तक हादसे हो रहे हैं। सैलजा ने सोमवार को हरियाणा राज्य की कुछ प्रमुख मांगे सदन में रखी।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यमुनानगर-चंडीगढ़ बाया साढ़ौरा और नारायणगढ़ रेल लाइन की मांग काफी पुरानी है, कई बार सूची में डाली गई पर उसकी प्रगति शून्य है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसी प्रकार हिसार-सिरसा वाया अग्रोहा-फतेहाबाद रेल लाइन की मांग भी काफी पुरानी है, अग्रोहा वैश्य समाज का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है जहां पर देश विदेश के श्रद्धालु पहुंचते है, इस बार इस




लाइन को सूची में डाला गया है पर इसपर जल्द से जल्द काम शुरू होना चाहिए, एक ओर जहां इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं को रेल सेवा का लाभ मिलेगा वहीं लाखों श्रद्धालु भी लाभांवित होंगे।

सांसद ने कहा कि कुछ ऐसी रेलवे लाइन है जिन पर बढ़ते दवाब को देखते हुए उनके दोहरीकरण की जरूरत है, हिसार- सिरसा-फाजिल्का आज भी सिंगल लाइन है जिसके दोहरीकरण की बड़ी जरूरत है, रोहतक-भिवानी-हिसार लाइन का भी दोहरीकरण होना चाहिए। अस्थल बोहर-रेवाडी रेल लाइन की मांग भी काफी पुरानी है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस प्रकार ट्रेनों की स्पीड बढ़ाई जा रही है उसी तरह रेलवे को अपने काम की भी स्पीड बढानी चाहिए। चंडीगढ़ से सिरसा बाया बठिंडा वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाए, हिसार को ट्रेड कॉरिडोर से जोडा जाए ऐसा करने से पूरे उत्तर भारत को लाभ होगा। कुमारी सैलजा ने रेलवे की करोंडों की भूमि को कौड़ियों के भाव 99 साल के पट्टे पर दिए जाने पर नाराजगी और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे इस भूमि को पट्टे पर देने के बजाए वहां पर अस्पताल खोल सकता है, प्रशिक्षण संस्थान बना सकता है, खेल स्टेडियम बना सकता है, पार्क विकसित कर सकता है यानि जनहित और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इसका सदुपयोग किय जा सकता है। सांसद सैलजा ने सिरसा की रेलवे की भूमि का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां पर सात एकड़ भूमि 32 करोड़ रुपए में 99 साल के पट्टे पर दे दी गई, बाद पट्टाधारक ने इस भूमि को 300 करोड़ रुपए में आगे दे दिया जहां पर मार्केट बनाई जा रहा है, इससे रेलवे को भारी नुकसान और गैर को फायदा हुआ। रेलवे को इस प्रकार पट्टे पर भूमि देना बंद करना चाहिए और खुद के स्तर पर इसके सदुपयोग का ध्यान रखते हुए योजना तैयार करनी चाहिए।

सिरसा क्षेत्र की रेल संबंधी मांगों और समस्याओं को रखते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा नगर रेलवे स्टेशन के दोनों ओर बस गया है, शहर के बीच रेलवे फाटकों के बंद रहने से शहर पर यातायात का दवाब बढ़ता ही जा रहा है, सिरसा एक एक रेलवे ओवर ब्रिज और दो अंडर ब्रिज की मांग कई सालों से की जाती रही है।

## मंत्री खट्टर से मिले सीएम साय



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे।

### फडणवीस ने नागपुर हिंसा पर कहा- पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे

# सुनियोजित तरीके से शहर में लगाई आग, पत्थरों से भरी मिली ट्रॉली और खास घरों को ही बनाया गया निशाना

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर हिंसा को सुनियोजित हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सामग्री जलाने की अफवाह फैलाई गई। हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सीएम फडणवीस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। हिंसा में तीन (डीसीपी) घायल हुए हैं और एक डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया।

सीएम ने कहा कि औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। विधानसभा में सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सीएम ने कहा कि पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।



**औरंगजेब की कब्र और सियासत बेसब्र**

### 11 थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू

*फडणवीस ने कहा कि तीन डीसीपी समेत कुल 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। 5घायल नागरिकों में से तीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। एक आईसीयू में है। नागपुर के 11 थाना क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू है। हिंसा मामले में पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।*

### कुछ लोग 'आक्रांता' का गुणगान कर रहे

*फडणवीस ने कहा कि पुलिस को मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल की शिकायत मिली है। इस पर कार्रवाई की जा रही है। विधानसभा में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी विधायकों ने मंगलवार सुबह एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष का आरोप है कि महायुति सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान की वजह से महाराष्ट्र में स्थिति बिगड़ रही है। उधर, सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने कुछ लोगों पर मुगल सम्राट औरंगजेब का महिमामंडन करने का आरोप लगाया।*

### कब्र तोड़ी तो 5 बीघा जमीन और 11 लाख देंगे: सिखेड़ा

इसी विवाद को लेकर मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसक झड़प हुई है। अब ये मामला यूपी में भी तूल पकड़ रहा है। यूपी के मुजफ्फरनगर में शिवसेना के एक नेता ने औरंगजेब की कब्र तोड़ने वाले को 5 बीघा जमीन और 11 लाख रुपए तक देने की घोषणा शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने की है।

### औरंगजेब की कब्र हटाकर वहां विजय स्मारक बने: विहिप

विहिप ने नागपुर में हिंसा फैलाने के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कहा है कि कुछ लोग हिंसा करके लोगों को डराकर औरंगजेब के काले इतिहास को अपने तरीके से पेश कराना चाहते हैं। संगठन ने कहा है कि औरंगजेब की कब्र के स्थान पर धनाजी जाधव, संताजी घोरपडे, छत्रपति राजाराम महाराज का स्मारक बनना चाहिए।

### औरंगजेब का समर्थन किया तो सख्त कार्रवाई होगी: सीएम शिंदे

*डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा कि महाराष्ट्र में औरंगजेब का समर्थन करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागपुर में जो घटना घटी, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या यह सुनियोजित साजिश थी या नहीं। पुलिस का कहना है कि कई लोग बाहर से आए।*

### आजमी इसके लिए जिम्मेदार: राणे

*महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने हिंसा के लिए सपा के विधायक अबू आजमी को जिम्मेदार बताया है। महाराष्ट्र के मंत्री राणे ने कहा कि ये राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए एक पूर्व नियोजित हिंसा थी।*

### घटना में सरकार शामिल थी : पटोले

*नागपुर हिंसा पर कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री इसे पूर्व नियोजित कहते हैं, तो यह सरकार और पुलिस की विफलता है। घटना में सरकार खुद शामिल थी। सुरक्षा नहीं की।*

# सीएम साय मिले पीएम मोदी से, साथ ही बस्तर के विकास का रोडमैप किया साझा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन स्थित पीएम ऑफिस में मुलाक़ात कर राज्य के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बस्तर विकास के मास्टर प्लान का खाका प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल थी। प्रधानमंत्री ने इस योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।



### जनभागीदारी ने बदली बस्तर की बयार

साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि छग में नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुरक्षा बलों की संगठित रणनीति एवं जनभागीदारी के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त प्रयासों से कई नक्सल गढ़ों में विकास की किरण पहुंची है, जिससे जनता का विश्वास सरकार की योजनाओं में और मजबूत हुआ है।

**औद्योगिक निवेश की दी जानकारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की बढ़ती रुचि पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश को आसान बनाने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस, टैक्स छूट और अनुकूल नीतियों को लागू किया है, जिससे बड़ी कंपनियां छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं।

## सशक्त महिलाओं ने दी अर्थतंत्र को गति

मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। महिला स्वसहायता समूहों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। साय ने बैठक में बस्तर की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि बस्तर के हजारों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लघु वनोपज, जैविक कृषि, हथकरघा, बांस उद्योग और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित कर महिलाओं को न केवल आजीविका के साधन मिल रहे हैं, बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं।

### मोदी 30 को छग के लिए कर सकते हैं बड़ी घोषणा

साय ने प्रधानमंत्री के 30 मार्च को प्रस्तावित छग दौरे की रूपरेखा साझा की। वे राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। साय ने तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और प्रधानमंत्री को विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। पीएम इस दौरान छग में बड़ी घोषणा कर सकते हैं।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

**दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

**दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |

**दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |

**दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 0800 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन स्टेशन |

**दिनांक 24.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, एवं दानापुर स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## एलआईसी के प्रमुख मोहंती ने जताया भरोसा

# एलआईसी का जल्द स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय में होगा प्रवेश, 31 मार्च से पहले सौदे की घोषणा

एजेंसी ⏭ मुंबई

जीवन बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ मोहंती ने अगले दो सप्ताह में एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का मंगलवार को भरोसा जताया। मोहंती ने इस स्वास्थ्य बीमा कंपनी का नाम न बताते हुए कहा कि एलआईसी इसके साथ बातचीत के अंतिम चरण में है और उम्मीद है कि 31 मार्च से पहले सौदे की अंतिम रूप से घोषणा हो जाएगी।

■ देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में भी कदम रखने की संभावनाएं तलाश रही है। एलआईसी के मुखिया ने यहां आयोजित जीसीए25 कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, ''स्वास्थ्य बीमा कारोबार में शामिल होना एलआईसी के लिए स्वाभाविक विकल्प है, चर्चा अंतिम चरण में है।''

**हिस्सेदारी कई कारकों पर निर्भर**




*मोहंती ने कहा कि एलआईसी लक्षित कंपनी में 51 प्रतिशत या उससे अधिक की नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं खरीदेगी। खरीदी जाने वाली हिस्सेदारी की सटीक मात्रा एलआईसी के निदेशक मंडल के निर्णय और मूल्यांकन जैसे कारकों पर निर्भर करेगी। मीडिया में आई कुछ रिपोर्ट के मुताबिक, एलआईसी 4,000 करोड़ रुपये के सौदे में मणिपाल सिग्ना कंपनी में हिस्सेदारी लेने पर विचार कर रही है।*

**खास बातें**

- एलआईसी लक्षित कंपनी में नियंत्रक हिस्सा नहीं खरीदेगी
- एलआईसी 4,000 करोड़ रुपए में मणिपाल सिग्ना में ले सकती है हिस्सेदारी

### एलआईसी ने आरबीआई से लॉन्ग टर्म बांड मांगे

इसके अलावा मोहंती ने बताया कि एलआईसी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से एडिशनल लॉन्ग टर्म बांड जारी करने की रिक्वेस्ट की है। एलआईसी ने पहले 40 साल के बांड की रिक्वेस्ट की थी, जिसे आरबीआई ने मंजूरी दे दी। अब, एलआईसी 50 साल और 100 साल के बांड के लिए आरबीआई के साथ चर्चा कर रही है।

### अनुबंध संबंधी हमारे पास दायित्व

मोहंती ने कहा, 'हम लॉन्ग टर्म इन्वेस्टर्स हैं। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान करने के लिए हमारे पास कॉन्ट्रैक्चुअल ऑब्लिगेशन्स यानी अनुबंध संबंधी दायित्व हैं। इसलिए, मुझे निवेश और एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट को ठीक से मैनेज करना होगा। पश्चिमी देशों में लॉन्ग टर्म बांड हैं।' इससे पहले आरबीआई ने इंश्योरेंस और पेंशन फंड्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 50 साल के बांड पेश किए थे।

### एलआईसी का तीसरी-तिमाही में मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा

देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कॉन्सॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 11,009 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 9,469 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

### सालाना नेट प्रीमियम इनकम 9 फीसदी घटी

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 7 फरवरी को तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी की नेट प्रीमियम इनकम सालाना आधार पर 9 प्रतिशत घटी है। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.07 लाख करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही यानी वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.17 लाख करोड़ रुपए रही थी। कंपनी का मार्केट कैप 5.16 लाख करोड़ रुपए है।

## अपने अगले विकास चरण को बढ़ावा देने ग्रेट लर्निंग ने एआई मेंटर और एआई टीचर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** आने वाले महीनों में एआई-संचालित लर्निंग अनुभवों को नए और बड़े दर्शकों तक पहुंचाने की योजना हैइन एआई टूल्स के साथ, कंपनी ग्रेट लर्निंग अकादमी के तहत 1500 से शुरू होने वाले कोर्सेज लॉन्च करने की योजना बना रही है।नई दिल्ली, 17 मार्च 2025: एआई का लाभ उठा कर अपने विकास के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल उन्नयन में वैश्विक अग्रणी ग्रेट लर्निंग ने एआई मेंटर और एआई टीचर का लांच किया है। ये एआई टूल्स समग्र डिजिटल शिक्षण अनुभव को बदलने के लिए तैयार हैं, जिससे दुनिया भर के शिक्षार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व्यक्तिगत, सुलभ, सस्ती और पहुँच के अंदर हो जाएगी।एआई मेंटर के रुप में प्रत्येक शिक्षार्थी को अपना निजी शिक्षक मिलता है जो उसके सीखने की यात्रा में हर कदम पर उसकी मदद करता है।



## एमआईएएल की संकल्पना: आधुनिकता के युग में सीएसएमआईए में विकास संकाय में समग्र बुनियादी ढांचा

**मुंबई ।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के संचालक, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) एक सामंजस्यपूर्ण और सुव्यवस्थित अनुभव के लिए यात्री सुविधाओं को बदलने के लिए एक रणनीतिक कदम उठा रही है। हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) के समक्ष रखे गए प्रस्ताव में, एमआईएएल ने मुंबई हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी वृद्धि परियोजनाओं को शुरू करने में एमआईएएल को सक्षम करने के लिए घरेलू यात्रियों के लिए 325 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 रुपये का उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) प्रस्तावित किया है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATA1512
REG. NO. HR38AC0474-YOM-2021

2) TATA MOTORS TATA1512
REG. NO. DL01GC9543-YOM-2021

3) EICHR_VECV EICPRO2114
REG. NO. HR38AD4185-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

## पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और ओटोबॉक इंडिया ने रनिंग क्लिनिक की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** दुनिया की अग्रणी स्वास्थ्य तकनीकी नवाचारक और विशेष रूप से निर्मित कृत्रिम अंग एवं गतिशीलता समाधान देने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनी ओटोबॉक ने पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर तीन दिवसीय रनिंग क्लिनिक का आयोजन किया है। यह क्लिनिक 17 मार्च 2025 ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुआ। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन का उद्देश्य सीमित गतिशीलता बाले खिलाड़ियों को सशक्त बनाना है। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैनरिक पोपों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में और आधुनिकतम कृत्रिम अंग तकनीक की सहायता से प्रतिभागियों को खेल के लिए तैयार किया जाएगाचाहे वे इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहें या फिर पेशेवर खिलाड़ी के रूप में अपना करियर बनाना चाहें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **टोनी बंसल पुत्र** अशोक बंसल, **निवासी** वेगाबोंड चांदनी चौक दिल्ली एवं 90ए, बी.सी. ब्लॉक, शालीमार बाग, नई दिल्ली ने **FIR No. 1160/21 u/s 392/411/34 IPC थाना: कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **टोनी बंसल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **टोनी बंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1160/21 u/s 392/411/34 IPC थाना: कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **टोनी बंसल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार सायेशा चढ्ढा
जेएमएफसी-08, कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3340/N/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोहन चौहान, पुत्र :** श्री चंद्र सिंह चौहान; **गोविंद चौहान, पुत्र :** श्री चंद्र सिंह चौहान; **रंजना सिंह, पत्नी :** श्री सोहन चौहान, तीनों का **पता:** 212, पॉकेट–8, सैक्टर–24, रोहिणी, दिल्ली तथा **शीतल, पुत्री :** श्री रघुबीर सिंह, **पता:** सी–11/4, प्रथम तल, सैक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 183/2014 U/S 406/419/420/468/467/471/34 IPC, थाना: लोधी कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोहन चौहान, गोविंद चौहान, रंजना सिंह** तथा **शीतल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोहन चौहान, गोविंद चौहान, रंजना सिंह** तथा **शीतल** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 183/2014 U/S 406 / 419 / 420 / 468/ 467/ 471/ 34 IPC, थाना:** लोधी कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोहन चौहान, गोविंद चौहान, रंजना सिंह** तथा **शीतल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री राहुल जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 514, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2972/SD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोनिका, पत्नी अनिल कुमार, पता: एल–72, दूसरा तल, एलएचएस ब्लॉक, एल–मोहन गार्डन, उत्तम नगर, हैप्पी प्रॉपर्टी के पास, पोल नंबर वीकेपी एस 634, नई दिल्ली** ने **Ct Cases. 217/2021, U/s 135 of the Indian Electricity Act, पुलिस थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोनिका** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनिका** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **मोनिका** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
एएसजे विशेष न्यायालय (विद्युत)
द्वारका न्यायालय परिसर
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/3237/DW/2025

पीसी ज्वेलर कर्ज निपटान के लिए शेयर करेगी जारी

नई दिल्ली। पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 1,510 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के लिए कर्जदाताओं के एक समूह को तरजीही निर्गम के जरिये 51.71 करोड़ शेयरों के आवंटन की मंजूरी दे दी है।

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

## सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी जारी, 91,000 रुपये के पार निकला, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली। (भाषा)** विदेशों में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये की तेजी के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत 1,300 रुपए की तेजी के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंची थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये बढ़कर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा जो इससे पहले कल 90,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं, जो इसका ऐतिहासिक उच्चस्तर है। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता, चीन की अतिरिक्त आर्थिक प्रोत्साहन योजनाओं के साथ मिलकर, सोने की सुरक्षित मांग को और बढ़ा रही है। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,028.49 डॉलर प्रति औंस के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, कॉमेक्स सोना वायदा बढ़कर 3,037.26 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

## रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। इसके अलावा एशियाई मुद्राओं की मजबूती ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला और फिर इसने 86.54 के उच्चस्तर और 86.78 के निचले स्तर को छुआ।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेबी ने स्कोर्स के माध्यम से निपटाई शिकायतें

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने अपने शिकायत निवारण सुविधा मंच 'स्कोर्स'' के माध्यम से फरवरी में 4,986 शिकायतों का निपटारा किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि फरवरी के अंत तक स्कोर्स पर आठ शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं।

## सेंसेक्स 1,131 अंक की छलांग के साथ 75,000 अंक के पार

### चौतरफा खरीदारी से निफ्टी में 326 अंक की बढ़त

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच मंगलवार को चौतरफा लिवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल देखा गया। सेंसेक्स ने 1,131 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 75,000 अंक का स्तर हासिल कर लिया, जबकि निफ्टी 22,800 अंक के ऊपर पहुंच गया।

■ कच्चे तेल और डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा बदली

विश्लेषकों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कम कीमतों और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,131.31 अंक उछलकर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 1,215.81 अंक बढ़कर 75,385.76 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत बढ़कर 22,834.30 अंक पर पहुंच गया। यह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा।



### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में मजबूती ने स्थानीय निवेशकों का भरोसा बढ़ाया जिससे तमाम क्षेत्रों में मूल्यपरक खरीदारी देखने को मिली। पिछले कुछ सप्ताह की गिरावट के कारण कई शेयर मूल्यांकन के लिहाज से खासे आकर्षक हो गए थे।''

### ट्रंप की घोषणा के बाद बिटकॉइन में उतार-चढ़ाव बना हुआ

## क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन खरीदने वाले हो जाएंगे बर्बाद!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनियाभर के शेयर मार्केट इन दिनों गिरावट का सामना कर रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट भी इस गिरावट से नहीं बची है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की क्रिप्टो स्ट्रेटेजिक रिजर्व की घोषणा के बाद भी बिटकॉइन में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

मौजूदा समय की बात करें तो एक बिटकॉइन की कीमत लगभग 72 लाख रुपए है, जबकि जनवरी में इसकी कीमत 1 लाख डॉलर के पार थी। ऐसे में एक एक्सपर्ट का ये कहना कि आने वाले समय में बिटकॉइन कौड़ियों के भाव चला जाएगा, लोगों को डरा रहा है। आखिर पूरा मामला क्या है और किस एक्सपर्ट ने दुनियाभर के बिटकॉइन निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।



### क्यों गिरेगी बिटकॉइन की कीमत

*दरअसल, पीटर शिफ का मानना है कि अमेरिकी टेक कंपनियों के शेयरों में अक्सर तब गिरावट दिखती है, जब नैस्डैक में गिरावट का दौर शुरू होता है। उन्होंने कहा कि नैस्डैक अभी 12 फीसदी तक गिर सकता है। इससे बिटकॉइन की कीमतों पर भारी असर पड़ेगा। इसके अलावा अगर नैस्डैक 20 फीसदी नीचे जाता है तो बिटकॉइन गिरकर 65 हजार डॉलर तक आ जाएगा।*

## इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों और सुधार गृहों के लिए अपनी परिवर्तनकारी पहल का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल के चेयरमैन ए एस साहनी ने फेज एक्स के लिए इंडियन ऑयल के 'परिवर्तन - जेल से गौरव तक' और फेज 7 नई दिशा भविष्य को पुनर्परिभाषित करना' के चरण 10 का शुभारंभ किया। इंडियन ऑयल द्वारा क्रमशः 15 अगस्त, 2021 और 26 जनवरी, 2023 को शुरू की गई। दोनों पहलों का उद्देश्य खेलों की शक्ति के माध्यम से जेलों और सुधार गृहों में बंद कैदियों के जीवन को बदलना है। नए चरण में, इंडियन ऑयल 22 जेलों और 5 बाल सुधार गृहों में 1000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी, आईई नरवाना में संरचना सेवाओं के अपग्रेडेशन का शेष कार्यालय के साथ-साथ 3 माह हेतु ट्रायल रन और उसके पश्चात 3 वर्षों की अवधि की क्षतिपूर्ति। | 14.02.2025 27.03.2025 | 478.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416139509 ia.narwana@hsidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-37, एचएसआईआईडीसी औद्योगिक एस्टेट करनाल में ईपीसी मोड पर यूनिटी मॉल का निर्माण, प्लानिंग, डिजाइन, इंजीनियरिंग और आपूर्ति उसके पश्चात 36 माह को डीआईपी और एक वर्ष हेतु ओ एंड एम। | 18.03.2025 07.04.2025 | 120.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829230 ia.kamal@hsidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/32957/I/88/7 दि. 18.03.25

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5809



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

**शब्द पहेली- 5808 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5819

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5818 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## खबर संक्षेप



### शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

**गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### हॉकी के इतिहास पर और किताबें लिखी जाए : टिर्की

**नई दिल्ली।** भारत के महान डिफेंडर और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि पिछले सौ साल में भारतीय हॉकी के



गौरवशाली इतिहास पर लिखा जाना चाहिये ताकि मौजूदा पीढी को इसके बारे में पता चले। भारत के लिये 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने 1975 विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती पर आई किताब 'मार्च टू ग्लोरी' के विमोचन के मौके पर कहा, ''भारतीय हॉकी का यह सौवां साल है और इसके गौरवशाली इतिहास की कहानियां नयी पीढी के सामने आनी चाहिये।

### महिला वनडे विश्व कप के लिए बनाएगी समिति




**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की कोलकाता में 22 मार्च को होने वाली आपात बैठक में महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति का गठन किया जायेगा और इस साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये वेन्यू का भी चयन किया जायेगा। बैठक गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच ईडन गार्डंस पर होने वाले आईपीएल के पहले मैच के दौरान होगी। बीसीसीआई ने पिछली बार 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

### कपिल दौरे पर परिवार साथ रखने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है लेकिन उन्होंने इसके साथ



ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1–3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।

### हरियाणा, ओडिशा व मप्र ने अपने मुकाबले जीते

**रांची।** हरियाणा, ओडिशा और मध्यप्रदेश ने महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने मुकाबले जीते। हरियाणा ने मणिपुर को 7-1 से



हराया जबकि ओडिशा ने बंगाल को 1-0 से मात दी। मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 2 - 0 से हराया। हरियाणा के लिये सावी और कीर्ति ने दो जबकि खासा शशि, सुप्रिया और कीर्ति ने एक एक गोल किया। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल दीना देवी ने दागा। अगले मैच में ओडिशा के लिये दीपिका बारवा ने गोल किया। तीसरे मैच में मध्यप्रदेश के लिये भूमिक्षा साहू और कप्तान सोनिया कुमरे ने गोल किये।

# रोहित को अभी वनडे विश्व कप जीतना है, बचपन के कोच लाड ने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह महीने में दो आईसीसी खिताब जीतकर संन्यास की अटकलों को खारिज करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि अभी उसे वनडे विश्व कप जीतना बाकी है। लाड ने कहा, 'निश्चित तौर पर अभी उसके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है।

- रोहित के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है
- शर्मा के संन्यास की अटकलों को किया खारिज

आपने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की उसकी पारी देखी होगी जिसमें उसने पक्के क्रिकेट शॉट खेले और एक भी खराब शॉट नहीं था।' उन्होंने कहा, 'उसने 2023 वनडे विश्व कप से पहले अपने खेल में बदलाव किया और उसका फोकस अच्छी शुरूआत देने पर ही रहा, बड़े शतकों पर नहीं ताकि टीम को फायदा हो।'



### रोहित के फार्म व फिटनेस पर उठे थे सवाल

*चैम्पियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुई।*

### कीवी के खिलाफ विजयी पारी खेली थी

*पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अभी संन्यास लेने नहीं जा रहे।*

### वनडे विश्व कप 2027 का सपना अभी बाकी है

लाड ने कहा,'' जब उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद उस प्रारूप से विदा ली तो मुझे पता था कि उसे दो टूर्नामेंट अभी और जीतनी थी। एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और दूसरा वनडे विश्व कप। दुर्भाग्य से इस बार हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन अभी वनडे विश्व कप 2027 में होना है और उसका यह सपना पूरा हो सकता है।''



### टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे

*2023 में दस मैच जीतने के बावजूद आखिरी बाधा पार नहीं कर पाये और एक बार फिर खिताब से चूक गया। मुझे लगता है कि वह 2027 विश्व कप खेल सकता है। बरसों पहले स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट के कारण रोहित को लेकर आये लाड इस बात से काफी प्रभावित हैं कि सोशल मीडिया ट्रोलिंग, आलोचना और वजन को लेकर टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे।*

### 2009 से 2011 तक फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा

कोच ने कहा,'' 2009 से 2011 तक उसका फॉर्म उतना अच्छा नहीं था जिससे उसे 2011 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली। उसके बाद उसने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाये। टेस्ट में पदार्पण में शतक लगाया। टी20 में रिकॉर्ड बनाया।'' उन्होंने कहा, वनडे विश्व कप 2019 में उसके पांच शतक जमाने के बावजूद भारत सेमीफाइनल में हार गया। वह हारने के बाद काफी दुखी था।

## भारत की लंबी दूरी की धाविका है अर्चना जाधव

# भारतीय धाविका जाधव डोप टेस्ट में फेल, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।

### सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे

प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।




### जाधव ने ईमेल पर खेद जताया था

*जाधव ने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।*

### तीन मार्च तक का समय दिया गया था

*एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।*

### आखिरी बार अक्टूबर 2024 दिल्ली मैराथन में भाग लिया

*हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी।*

**श्रेष्ठ प्रदर्शन**

**10,000**

मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

# पाक को मिल रही हार पर हार, न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी-20 मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी पाकिस्तान टीम की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। उसे न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैच में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था और सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई थी। बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का तीसरा और आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला बारिश में धुल गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब पाकिस्तान टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 सीरीज खेल रही है और यहां भी टीम को लगातार हार मिल रही है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। कप्तान सलमान अली आगा को छोड़कर कोई भी क्रीज पर टिक नहीं सका। सलमान ने 46 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने 22 रनों का योगदान दिया। पूरी टीम 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी।

- पाकिस्तान ने दिया 136 रनों का लक्ष्य

### 15-15 ओवर का हुआ मुकाबला

5 मैचों की टी20 सीरीज में हार से अपने अभियान का आगाज करने वाली पाकिस्तानी टीम अपना दूसरा मैच भी हार गई है। पहले मैच में पाकिस्तान को 9 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। अब न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे टी20 मुकाबले में 5 विकेट से पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम टी20 सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई है। डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेले गए इस मुकाबले में बारिश के कारण ओवरों की कटौती करनी पड़ी। इसके बाद 15-15 ओवर का मैच हुआ जिसमें मेजबान कीवी टीम बाजी मारने में सफल रही।

**अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना**

# कोहली को अपना स्ट्राइक रेट बढ़ाने की जरूरत नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना स्ट्राइक रेट बढ़ने पर ध्यान देने के बजाय स्मार्ट क्रिकेट खेल कर सूत्रधार की भूमिका निभानी चाहिए तथा शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज फिल साल्ट का साथ मिलने से उन पर दबाव कम होगा। कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन पिछले दो सत्र से उनका स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। बेंगलुरु की फ्रेंचाइजी ने हालांकि आईपीएल के इस सत्र के लिए इंग्लैंड के साल्ट और लियाम लिविंगस्टोन, ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड और वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को अपनी टीम में लिया है जिससे डिविलियर्स को लगता है कि कोहली अधिक स्वच्छंद होकर खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने मंगलवार को जियोस्टार प्रेस रूम में कहा, ''ऐसा लगता है कि विराट अपने क्रिकेट का आनंद ले रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें फिल साल्ट के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपनी स्ट्राइक रेट बढ़ानी होगी।

- विराट स्मार्ट क्रिकेट खेलकर सूत्रधार की भूमिका निभाए

### विराट बल्लेबाजी विभाग के कप्तान बने

डिविलियर्स ने कहा, ''विराट को इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी विभाग का कप्तान बनने की जरूरत है। उन्हें वास्तव में सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी और बल्लेबाजी क्रम में किसी तरह की गिरावट नहीं आए यह सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी।''

# सैमसन ऊंगली की चोट से उबरे, किया अभ्यास

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ऊंगली की चोट से उबरने के बाद अब अपनी आईपीएल टीम के साथ जुड़ गए हैं। तीस वर्ष के सैमसन ने बेंगलुरू में सेंटर आफ एक्सीलैंस में उपचार पूरा किया। वह सोमवार को रॉयल्स के पहले सत्र में मौजूद थे। सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान जोफ्रा आर्चर का बाउंसर लगा था। चोट के बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। रॉयल्स ने एक्स पर लिखा, हवाई अड्डे से सीधे पहले



अभ्यास सत्र की ओर ताकि हमेशा की तरह सभी के चेहरे पर मुस्कान ला सके। सैमसन ने रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात की। देखना यह है कि पूरी तरह फिट होने के बावजूद क्या वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं। अगर नहीं तो ध्रुव जुरेल को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

# भारत का मालदीव से आज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| शिलांग

भारत और मालदीव के बीच बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला जाएगा तो सभी की निगाहें संन्यास से वापसी करने वाले स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर टिकी रहेंगी। भारत के लिए यह मैच एक सप्ताह से भी कम समय में इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा।

भारत एशिया कप क्वालीफायर में अपना पहला मैच 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 40 वर्षीय छेत्री ने इस प्रतियोगिता में भारत को सफलता दिलाने के लिए ही इस महीने के शुरू में संन्यास से वापसी करने की घोषणा की थी। भारतीय टीम के लिए यह अभ्यास मैच ऐतिहासिक भी है क्योंकि वह पहली बार फुटबॉल के दीवाने इस पहाड़ी शहर में मैच खेलेगी।

- छेत्री पर रहेंगी सभी की निगाहें
- इसी महीने छेत्री ने संन्यास से वापसी की घोषणा की



### भारत बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से उतरेगा

फुटबॉल को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाना भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छी बात है। भारत इस मैच में बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा लेकिन उसे मालदीव को किसी भी तरह से कम करके नहीं आंकना होगा। भारतीय टीम को इस मैच से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच से पहले यह पता करने का मौका मिलेगा कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है।

**तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणा से लड़ना पड़ा**

# मेरे बारे में धारणाएं बनाई गई, टाइपकास्ट किया: श्रेयस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढे। इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला। पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक' करार दिया।

- विश्व कप नायक बनने के बावजूद अनुबंध रद्द किया गया

### मेरी ईमानदारी ने मुझे मौका दिया

श्रेयस की कप्तानी में केकेआर ने आईपीएल जीता और फिर उन्होंने भारतीय वनडे टीम में वापसी की। इस आईपीएल सत्र से पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे श्रेयस ने कहा,'' मैने अपनी प्रक्रिया सरल रखी। ज्यादा सोचा नहीं और ईमानदारी से काम करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरी ईमानदारी और प्रदर्शन फिर मुझे मौका दिलायेगा।''



### मैंने अपने कौशल पर और मेहनत की

श्रेयस ने कहा, 'इस दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैने अपने कौशल पर और मेहनत की। मैं नतीजे से खुश हूं क्योंकि इसके पीछे काफी मेहनत की गई है। कोच प्रवीण आम्रे सर से लेकर ट्रेनर सागर तक सभी ने मेहनत की। इन दोनों ने मुझे वह ताकत पैदा करने में मदद की जो अब मेरी बल्लेबाजी में दिखती है।''

### तेज गेंदों से डरने की बात कह कर धारणा बनाई गई

*शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने इंटरव्यू में कहा,'' शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया। लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था।'' पिछले आठ वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाये हैं।*

### कमर में चोट के कारण गंवाना पड़ा था अनुबंध

*पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के बाद अक्षरधाम मंदिर पहुंचे पीएम लक्सन

# न्यूजीलैंड के लिए हिंदू समुदाय के योगदान को सराहा





**मुंबई रवाना होने से पहले इंडिया गेट भी पहुंचे**

- **गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब गहरी आस्था और इतिहास का स्थान**
- **सेवा व मानवता के प्रति सिख समुदाय की प्रतिबद्धता सराहनीय**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने 16-20 मार्च तक भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। लक्सन ने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। दिल्ली में, मैंने कई कीवी-हिंदुओं के लिए पवित्र स्थान बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में नमन किया। इससे पहले सोमवार शाम को न्यूजीलैंड के नेता ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के साथ राजधानी में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया। लक्सन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और मैंने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया, जो गहरी आस्था और इतिहास का स्थान है। सेवा और मानवता के प्रति सिख समुदाय की अटूट प्रतिबद्धता सराहनीय है।

### *भारतीय मूल के लोगों के प्रति पीएम लक्सन का गहरा स्नेह*

*मंगलवार शाम को दिल्ली की अपनी यात्रा समाप्त कर मुंबई के लिए रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के पीएम ने इंडिया गेट जाने का भी समय निकाला। सोमवार को लक्सन और कीवी प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड की पीएम के भारत से गहरे लगाव का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सबने देखा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्होंने ऑकलैंड में होली का त्योहार मनाया! न्यूजीलैंड में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के प्रति पीएम लक्सन का स्नेह इस बात से भी देखा जा सकता है कि उनके साथ एक बड़ा सामुदायिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है।*

## अमेरिका के पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में पीएम मोदी की टिप्पणी पर पाकिस्तान की आलोचना पर भारत का जवाब

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक, अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कर दो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान द्वारा की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शांति की पहल को लेकर की गई एक हालिया टिप्पणी की आलोचना को लेकर उसे जमकर खरी खोटी सुनाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उसे झूठ फैलाने के बजाय अपने द्वारा अवैध और जबरन तरीके से कब्जा किए हुए भारतीय क्षेत्र (पीओके) को तुरंत खाली कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि पाकिस्तान ने भारत के एक संघीय प्रदेश जम्मू-कश्मीर को लेकर कुछ टिप्पणियां की हैं। जबकि पूरी दुनिया जानती हैं कि वास्तविक मुद्दा पाकिस्तान द्वारा सीमापार आतंकवाद को दिए जा रहे समर्थन के साथ ही उसे बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ है। रणधीर ने मामले पर पाकिस्तान पर झूठ फैलाने का आरोप भी लगाया।

### भारत की शांति की हर कोशिश नाकाम की

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते दिनों अमेरिका के पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को दुनियाभर में बेनकाब करने के बाद सामने आई पाक की प्रतिक्रिया के जवाब में दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ शांति समझौते को लेकर कई कोशिशें की गईं। लेकिन हमारे हर प्रयास को उसने धोखेबाजी के साथ नाकाम किया। दुनिया में कहीं भी आतंकवादी हमले होने पर उसके तार पाकिस्तान से जुड़ते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि पाक को अक्ल आएगी। इसके बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और उसने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी को भ्रामक और एकतरफा बताया था।




## लोकसभा में रेल मंत्रालय की 2025-26 की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए बोले केंद्रीय रेल मंत्री

**विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में ध्वनिमत से पारित हुई रेल मंत्रालय की अनुदान मांगें**

# भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भी कम है रेल का किराया: अश्विनी वैष्णव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में मंगलवार को रेल मंत्रालय की वर्ष 2025-26 की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया। जिसमें उन्होंने तर्कों के साथ रखे गए अपने आंकड़ों से विपक्ष को चारों खाने चित कर दिया। सदन ने विपक्ष के तमाम कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुए ध्वनिमत के साथ मंत्रालय की अनुदान मांगों को पारित किया। वैष्णव ने रेल बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भारत में एशिया महाद्वीप के अपने निकट पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका की तुलना में किराया काफी कम है। देश में 350 किलोमीटर की यात्रा करने के लिए जहां 121 रुपए देने पड़ते हैं। वहीं, पाकिस्तान में इतनी समान दूरी की रेलयात्रा के लिए 436 रुपए, बांग्लादेश में 323 रुपए और श्रीलंका में 413 रुपए किराया देना पड़ता है। देश के रेल यात्रा किराए की तुलना अगर हम यूरोप के देशों से करेंगे तो यह अंतर 10 गुना से भी अधिक का हो जाएगा। रेल मंत्री के जवाब के दौरान और उसके बाद भी विपक्ष का हंगामा चलता रहा। जिस पर पीठासीन सभापति ने दोपहर करीब दो बजे सदन की कार्रवाई को 19 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।



### *2020 के बाद से नहीं बढ़ाया किराया*

*उन्होंने कहा, सरकार ने वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के बाद से लेकर आज तक रेल किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। लेकिन केंद्र अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए रेल यात्रियों को किराए में छूट (सब्सिडी) जरूर प्रदान करती है जिस पर लगभग 60 करोड़ रुपए का खर्च आता है। नेशनल ट्रांसपोर्टर (रेलवे) को महामारी के काल में हालांकि काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब इसकी स्थिति ठीक हो गई है। आज रेलवे अपनी आय से ही अपने सारे खर्चे पूरे कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेलवे के प्रति भावनात्मक लगाव है और उन्होंने रेलवे के लिए 2 लाख 52 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है। रेलवे के पास कुल 15 लाख पेंशन कर्मी हैं, जिन पर 66 हजार करोड़ की लागत आती है। ऊर्जा पर 32 हजार करोड़, वित्त पर 25 हजार करोड़ रुपए का खर्च आता है। ये धनराशि 2 लाख 75 हजार करोड़ हो जाती है। लेकिन इसकी तुलना में रेलवे की आय 2 लाख 78 हजार करोड़ है, जिससे सारे खर्चे पूरे हो जाते हैं। रेल मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास आने वाले समय में स्थिति को और अधिक बेहतर बनाना है।*

### *मोदी सरकार में 90 फीसदी घटी रेल दुर्घटनाएं*

*वैष्णव ने रेल दुर्घटनाओं की पिछली सरकारों के साथ तुलना करते हुए कहा कि लालू यादव के समय में जहां प्रतिवर्ष 234 रेल दुर्घटनाएं होती थीं और ट्रेनों के पटरी से उतरने के 464 मामले सामने आते थे। लेकिन अब हर साल 30 रेल दुर्घटनाएं हुईं और 43 बार ट्रेन पटरी से उतर गईं। इस हिसाब से मौजूदा सरकार के दौर में रेल हादसों में 90 फीसदी की कमी आई है। 2014-15 की तुलना में यह आंकड़ा 80 फीसदी कम है। उन्होंने कहा, अगर हम ममता बनर्जी के कार्यकाल को देखें तो सालाना 165 रेल दुर्घटनाएं हुई और 230 बार ट्रेनें पटरी से उतरीं। जबकि मल्लिकार्जुन खरगे के दौरान हर साल 118 रेल हादसे हुए और 263 बार ट्रेनें बेपटरी हुईं। यानी हर दिन औसतन एक रेल हादसा होता था। इस प्रकार से रेल हादसों की संख्या 381 तक पहुंच गई। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कई स्थायी कदम उठाए जा रहे हैं। जिनमें 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाना, सीसीटीवी कैमरे लगाना, वॉर रूम और फुटओवर ब्रिज बनाना शामिल है। स्टेशन निदेशक के पद उन्नत किए जा रहे हैं। साथ ही कोशिश ये की जा रही है कि जितनी क्षमता हो उतने ही टिकट बेचे जाएं। भविष्य में सरकार 50 वंदे भारत, स्लीपर वाली 200 वंदे भारत रेलगाड़ियां, 100 नई अमृत भारत ट्रेनें और 50 नई नमो भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी।*

### *राज्यों को दिया पर्याप्त बजट*

*सरकार ने राज्यों को पर्याप्त रेल बजट देते हुए उनके साथ कोई भेदभाव नहीं किया। रेल मंत्री ने राज्यवार बजट का आंकड़ा देते हुए कहा कि पश्चिम-बंगाल को पहले 4 हजार 380 करोड़ का बजट दिया जाता था। हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 14 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया। तमिलनाडु को 6 हजार 600 करोड़ रुपए का बजट दिया गया, पंजाब को 5 हजार 500 करोड़, केरल को 3 हजार करोड़, कर्नाटक को 7 हजार 500 करोड़, झारखंड को 7 हजार करोड़ और दिल्ली को 2 हजार 500 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। रेल मंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से जमीन अधिग्रहण में मदद करने का अनुरोध किया। जिससे देश व उनके प्रदेश को लाभ होगा।*

### *शीर्ष तीन लोडिंग देशों में भारत*

*उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के तीन शीर्ष लोडिंग देशों में शुमार हो गया है। इसमें अमेरिका और चीन उसके साथ शामिल हैं। इस साल भारत 1.6 बिलियन टन माल की ढुलाई करेगा। देश में लोकोमोटिव विनिर्माण का स्तर 1400 इंजन प्रतिवर्ष तक पहुंच गया है। पूरे अमेरिका और यूरोप में किए जा रहे कुल इंजन उत्पादन को जोड़ लें, तो यह उससे भी ज्यादा है। आज भारत में बनी हुई रेल की बोगी ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की जा रही है। जल्द ही इन्हें अमेरिका, फ्रांस समेत दुनिया के बाकी देशों को भी सप्लाई किया जाएगा। तमिलनाडु में बने हुए ट्रेन के पहिए दुनियाभर में भेजे जाएंगे।*

### *5 लाख लोगों को दिया रोजगार*

*रेलवे के जरिए 5 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। 1 लाख लोगों की भर्ती पर काम चल रहा है। आम यात्री सुविधा के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनरल और स्लीपर कोच लगाए जा रहे हैं। रेलवे की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक जैसी कोई समस्या नहीं है। हाल के समय में देश में रेलवे की भर्ती परीक्षा का बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया। अलग-अलग केंद्रों पर करीब सप्ताह भर तक परीक्षा हुई लेकिन उसमें पेपर लीक जैसी कोई समस्या सामने नहीं आई है।*




किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट* चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK | pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF Series & Splendor+ Series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non i3s Drum Brake, Splendor+ Non i3s Drum Brake variant in Delhi.

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327; Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave – 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248,; Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410, Hapur: Globe Hero, 9289923209.

VML.5798.2025